# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,बुधवार 26 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-237 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संविधान है देश की आत्मा कॉलोनियल सोच को त्यागें

### राष्ट्रपति मुर्मू का 75वें संविधान दिवस पर बड़ा संदेश

**नई दिल्ली,26 नवंबर।** प्रेसिडेंट द्रौपदी मुर्मू ने संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में 75वें संविधान दिवस के मौके पर संविधान दिवस प्रोग्राम के दौरान नौ भाषाओं -- मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया -- में भारत के संविधान का डिजिटल वर्शन जारी किया। प्रोग्राम के दौरान एक यादगार बुकलेट "भारत के संविधान में कला और कैलिग्राफी" भी जारी की गई। वाइस प्रेसिडेंट सीपी राधाकृष्णन, प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, राज्यसभा एलओपी मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा एलओपी राहुल गांधी और दूसरे नेता संविधान दिवस इवेंट में शामिल हुए।

पुरानी पार्लियामेंट बिल्डिंग, जिसे अब 'संविधान सदन' कहा जाता है, के सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस इवेंट को एड्रेस करते हुए प्रेसिडेंट मुर्मू ने कहा कि संविधान ने देश के आत्म-सम्मान और गरिमा को पक्का किया है। उन्होंने आगे कहा कि संविधान बनाने वाले चाहते थे कि हमारे निजी, डेमोक्रेटिक अधिकार हमेशा सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा "मुझे संविधान दिवस के ऐतिहासिक मौके पर आप सभी के बीच आकर बहुत खुशी हो रही है। आज ही के दिन, 26 नवंबर, 1949 को, संविधान भवन के इसी सेंट्रल हॉल में, संविधान सभा के सदस्यों ने भारत के संविधान का ड्राफ्ट बनाने का काम पूरा किया था। उसी साल इसी दिन, हम भारत के लोगों ने अपना संविधान अपनाया था। आज़ादी के बाद, संविधान सभा ने भारत की अंतरिम संसद के तौर पर भी काम किया। ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर हमारे संविधान के मुख्य बनाने वालों में से एक थे। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं, युवा, एससीएस, एसटीएस , किसान, मिडिल क्लास और उभरता हुआ नया मिडिल क्लास भारत के डेमोक्रेटिक सिस्टम को मज़बूत कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना देश की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

**संविधान दिवस पर ओम बिरला**-संविधान सदन में संविधान दिवस समारोह के दौरान, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा: "इस शुभ अवसर पर, हम भारत की संविधान सभा के चेयरमैन डॉ. राजेंद्र प्रसाद; हमारे संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर; और संविधान सभा के सभी सदस्यों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी अद्भुत बुद्धिमत्ता, दूर की सोच और अथक मेहनत का नतीजा इतना शानदार संविधान है.



### संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने याद दिलाए नागरिक कर्तव्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों को निभाने का आग्रह किया और कहा कि ये मजबूत लोकतंत्र की नींव हैं। संविधान दिवस पर नागरिकों को संबोधित पत्र में प्रधानमंत्री ने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मजबूत करने की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। संविधान दिवस पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संविधान बनाने वालों को श्रद्धांजलि दी, उनके विज़न और नागरिक कर्तव्यों के महत्व पर ज़ोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संविधान, 'हमें अधिकार देता है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि नागरिक के तौर पर हमारे कुछ कर्तव्य हैं। हमें हमेशा उन कर्तव्यों को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए'।



3 घायल बिलासपुर रेफर, मृतकों में सेना के 2 जवान

## स्कार्पियो-ट्रक में टक्कर, 5 की मौत

**जांजगीर-चाम्पा,26 नवंबर।** जांजगीर क्षेत्र के सुकली गांव में एनएच-49 पर स्कार्पियो और ट्रक में भिड़ंत हो गई. हादसे में स्कार्पियो सवार 5 लोगों की मौत हो गई है, वहीं अन्य 3 घायलों को जिला अस्पताल से बिलासपुर रेफर किया गया है. सभी मृतक, नवागढ़ के रहने वाले थे और बारात से लौटते वक्त यह बड़ा हादसा हुआ है. सभी मृतक और घायल, एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं. 5 मृतकों में से 2 सेना के जवान भी बताए जा रहे हैं, जिसमें एक की कुछ दिनों पहले शादी हुई थी. दरअसल, नवागढ़ से स्कार्पियो में सवार होकर पंतोरा गांव बारात गए थे. वहां से लौटते वक्त देर रात सुकली गांव में एनएच-49 पर बड़ा हादसा हो गया. ट्रक के टक्कर से स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरातफरी मच गई. मौके पर 3 लोगों की मौत हो गई थी. सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और एम्बुलेंस से सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 2 लोगों की भी मौत हो गई, वहीं अन्य 3 लोगों को बिलासपुर रेफर किया गया है. हादसे में नवागढ़ के एक ही मोहल्ले के 5 लोगों की मौत के बाद लोगों की भीड़ जिला अस्पताल में जुटी हुई है. हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर, वाहन छोड़कर फरार है और मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है.

### दुकान में घुसा ट्रेलर, एक की गई जान

**जांजगीर-बलौदा.** बलौदा क्षेत्र के बिरगहनी गांव में बेकाबू ट्रेलर, दुकान में घुस गया और ट्रेलर पलट गया. हादसे में 1 भाई रामभरोस कुर्रे की दबकर मौत हो गई, वहीं दूसरा भाई ओमप्रकाश कुर्रे, बाल-बाल बचा है. घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई. सूचना के बाद मौके पर बलौदा पुलिस पहुंची और काफी मशक्कत से 2 घण्टे बाद ट्रेलर में दबे रामभरोस कुर्रे को निकाला गया, लेकिन उसकी मौत हो गई थी. दूसरी ओर, दूसरे भाई ओमप्रकाश को मामूली चोट आई थी, जिसका उपचार किया गया है. पुलिस ने ट्रेलर के आरोपी को हिरासत में ले लिया. पुलिस के मुताबिक, दीपका कोरबा से यह ट्रेलर, बिलासपुर आ रहा था.

## संक्षेप

### दिल्ली ब्लास्ट: आरोपी उमर नबी का साथी शोएब गिरफ्तार

**नई दिल्ली,26 नवंबर।** दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार बम ब्लास्ट मामले में एनआईए बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी उमर नबी के साथ शोएब को धरदबोचा है। जांच में सामने आया है कि शोएब ने आतंकी उमर को धमाके से ठीक पहले अपने यहां छुपाया था। एनआईए ने बताया कि शोएब ने न केवल आतंकी को पनाह दी। इस केस में शोएब सातवां आरोपी है जिसे गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले एनआईए ने उमर के छह अन्य साथियों को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने पहले भी इस मामले में कार बम हमलावर उमर के छह नजदीकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई केस नंबर RC-21/2025/ एनआईए/DLI के तहत की गई है।

### कन्वेयर बेल्ट में फंसने से कर्मचारी की मौत

**दंतेवाड़ा,26 नवंबर।** एनएमडीसी के बचेली प्लांट में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां स्क्रीनिंग प्लांट के कन्वेयर बेल्ट में फंसने से एक कर्मचारी की मौत हो गई है। इस हादसे से प्लांट में अफरा-तफरी मच गई। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, हादसा डिपॉजिट नंबर-05 में तब हुआ, जब कर्मचारी शिव कुमार ड्यूटी पर काम कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक कन्वेयर बेल्ट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर परिजन और कर्मचारी यूनियन ने एनएमडीसी प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। वहीं बचेली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 7 साल की मासूम की हत्या,पड़ोसी के घर में मिली लाश

**रायगढ़,26 नवंबर।** जिले से दिल दहला देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है. आपसी रंजिश में पड़ोसी ने 7 साल की मासूम की गला दबाकर हत्या कर दी. मृतिका अपने मामा के घर पर रहती थी. वह दूसरी कक्षा की छात्रा थी. बुधवार सुबह उसकी लाश मामा के पड़ोसी घर में मिली. पूरा मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र के कुर्रा गांव का है. जानकारी के मुताबिक, घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. शॉर्ट पीएम में बच्ची के गले पर निशान मिले हैं, जिससे गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है. हत्या मामले में अब पुलिस गंहन जांच में जुट गई है. हत्या में कितने लोग शामिल हैं, इसकी जांच जारी है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### बाबर की औलादों को भारत में रहने का हक नहीं: गिरिराज

**नई दिल्ली,26 नवंबर।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक द्वारा 'बाबरी मस्जिद' पर की गई टिप्पणी को लेकर उसकी कड़ी आलोचना की और कहा कि ऐसी टिप्पणियों से साफ़ पता चलता है कि बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी घुसपैठियों के वोट बैंक पर निर्भर है। पत्रकारों से बात करते हुए, गिरिराज सिंह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के विधायकों की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसे लोगों को भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है। सिंह ने कहा कि बंगाल बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों का गढ़ बन गया है। उन्हें पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज़ मुहैया कराए गए हैं, जिससे वे अवैध रूप से रह सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस इन घुसपैठियों के वोट बैंक पर निर्भर है।

## टीम इंडिया की शर्मनाक हार

**नई दिल्ली,26 नवंबर।** टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में भारत को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। साउथ अफ्रीका ने 408 रनों से जीत दर्ज की और सीरीज में 2-0 से भारत का क्लीन स्वीप किया। इस टेस्ट मैच को जीतने के लिए भारत के सामने साउथ अफ्रीका ने 449 रन का पहाड़ जैसा टारगेट रखा था। आखिरी दिन टीम इंडिया को 422 रन की जरूरत थी। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका ने भारत के दो विकेट हासिल कर लिए थे। वहीं आखिरी दिन दो सेशन के अंदर साउथ अफ्रीका ने बचे हुए 8 विकेट हासिल करके एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

### हार की जिम्मेदारी सबकी, पर पहली मेरी: गंभीर

साउथ अफ्रीका के खिलाफ सूपड़ा साफ होने के बाद भारत के हेड कोच गौतम गंभीर आगे आए हैं। उन्होंने कहा कि हार की जिम्मेदारी सबकी लेकिन पहली मेरी है। कोच ने साउथ अफ्रीका सीरीज के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हमें बेहतर खेलना होगा। 95/1 से 122/7 का स्कोर ठीक नहीं है। आप किसी एक व्यक्ति या किसी खास शॉट को दोष नहीं दे सकते। दोष सबका है। मैंने कभी किसी एक व्यक्ति को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करूंगा।" भारत ने इस साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जैसे टूर्नामेंट जीते हैं। भारत ने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराई।



## 41 माओवादी कैडरों ने किया सरेंडर 1 करोड़ 19 लाख का था इनाम

**बीजापुर,26 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे है। इसी कड़ी में आज बीजापुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जहां "पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन" पहल के तहत 41 माओवादी कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें 12 महिला और 29 पुरुष माओवादी शामिल हैं। इन सभी पर कुल 1 करोड़ 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में साउथ सब जोनल ब्यूरो के 39 माओवादी, इसके अलावा DKSZC, तेलंगाना स्टेट कमेटी, धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के कैडर भी शामिल हैं। सुरक्षा बलों की कार्रवाई और सरकार की आत्मसमर्पण नीति के चलते बीते दो वर्षों में नक्सल मोर्चे पर उल्लेखनीय सफलता मिली है। 1 जनवरी 2025 से अब तक 528 माओवादी गिरफ्तार, 560 मुख्यधारा में लौटे, और 144 नक्सली मुठभेड़ों में ढेर हुए हैं। वहीं 1 जनवरी 2024 से अब तक 790 माओवादी आत्मसमर्पण, 1031 गिरफ्तार और 202 मुठभेड़ों में मारे गए। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, पुलिस महानिरीक्षक केरिपु सीजी सेक्टर रायपुर, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज और उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देशन में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ, कोबरा और केरिपु बल के संयुक्त प्रयासों, साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति और 'नियत नेल्ला नार' योजना से प्रभावित होकर माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण उप महानिरीक्षक केरिपु सेक्टर बीजापुर बी.एस. नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेंद्र कुमार यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स रविन्द्र मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स अमन कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर युलैण्डन यार्क, द्वितीय कमान अधिकारी राजेश चौहान, डीसी अशोक कुमार, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाइटर चन्द्रहास और उप पुलिस अधीक्षक रोशन आहूजा के समक्ष किया गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**रायपुर 26 नवंबर.**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित अंबेडकर चौक में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। डॉ. अंबेडकर के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि समानता, न्याय और सामाजिक समरसता के अटूट स्तंभ भी रहे हैं। इस अवसर पर विधायक श्री राजेश मूणत, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में उपस्थित आमजन ने संविधान दिवस पर डॉ. अंबेडकर के अप्रतिम योगदान को याद किया तथा संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का मूल आधार है। डॉ. अंबेडकर ने दूरदर्शिता और गहन अध्ययन के साथ संविधान के प्रारूप निर्माण में योगदान दिया है। भारत का संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि नागरिक कर्तव्यों के प्रति हमें जागरूक भी करता है।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने भी विविधता में एकता की भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाने तथा संवैधानिक मूल्यों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।



## पीएम 28 को आएंगे,नए स्पीकर हाउस में रहेंगे 2 रात

**रायपुर,26 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 नवंबर को करीब शाम 7.30 बजे विशेष विमान से रायपुर पहुंचेंगे, वे 28 और 29 नवंबर दो रात्रि नवा रायपुर स्थित स्पीकर हाउस में रहेंगे. 30 नवंबर को लगभग शाम 5.30 बजे दिल्ली लौटेंगे. पीएम मोदी आईआईएम परिसर में होने वाले 60वें अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ करेंगे और दो दिनों तक इस सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर मंथन में शामिल होंगे. इस सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भी शामिल होंगे. बता दें कि संपूर्ण कार्यक्रम नवा रायपुर स्थित आईआईएम परिसर में प्रस्तावित है. सम्मेलन में पूरे देशभर के करीब 300 अतिविशिष्ट व्यक्ति शामिल होंगे, जिनमें राज्यों के पुलिस महानिदेशक और अर्धसैनिक बलों के 20 महानिदेशक और अतिरिक्त महानिदेशक शामिल होंगे. इस हाईप्रोफाइल कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ शासन-प्रशासन स्तर पर पिछले तीन महीने से जोरदार तैयारियां चल रही हैं. सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के कुछ नए कार्यक्रम जुड़ सकते हैं, इसमें भाजपा कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) जाना भी शामिल है, हालांकि अभी तक इस संबंध में पीएमओ की हरी झंडी नहीं मिली है. पुलिस और प्रदेश सरकार डीजीपी कांफ्रेंस की तैयारी में ताकत झोंके हुए है. नया रायपुर के आसपास देशभर से आने वाले अफसरों को ठहराने का इंतजाम किया जा रहा है. नक्सलियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ में तेजी से चल रहे अभियान के बीच तीन दिन की कांफ्रेंस को अहम माना जा रहा है. इसमें नक्सलवाद के अलावा भी कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी.



## जिस घर से हिड़मा निकलेगा, उस घर में घुसकर मारेंगे

**सार बातें**

### हिड़मा समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन: दिल्ली पुलिस तुम लट्ठ बजाओ, हम तुम्हारे साथ हैं

नई दिल्ली,26 नवंबर। रविवार को दिल्ली के इंडिया गेट पर वायु प्रदूषण के नाम पर इकट्ठा हुए प्रदर्शनकारियों ने अचानक तब माहौल बदल दिया जब उन्होंने कुख्यात माओवादी कमांडर हिडमा के समर्थन में खुलेआम नारे लगाने शुरू कर दिए थे। इसी शर्मनाक हरकत के जवाब में मंगलवार को उसी इंडिया गेट पर दिल्ली पुलिस के समर्थन में आम नागरिक एकत्र हुए– हाथों में तख्तियां और दिलों में क्रोध लेकर। जहाँ अर्बन नक्सलियों ने नारा लगाया था "हर घर से हिडमा निकलेगा", वहीं राष्ट्रवादी प्रदर्शनकारियों ने गरजकर जवाब दिया– "जिस घर से हिडमा निकलेगा, उस घर में घुसकर मारेंगे!" यह सिर्फ नारे नहीं थे, बल्कि भारत के धैर्य, उसकी सहनशीलता और उसके आत्मसम्मान की सीधी प्रतिक्रिया थी। दरअसल, यह पहली बार नहीं है जब अर्बन नक्सल विचारधारा ने किसी लोक-हित से जुड़े मुद्दे की आड़ लेकर समाज में ज़हर घोलने की कोशिश की हो। वायु प्रदूषण, किसानों की समस्या, महिला सुरक्षा, हर मुद्दे का इस्तेमाल इन तत्वों ने अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के हथियार की तरह किया है। रविवार का प्रदर्शन भी अपवाद नहीं था। "साइंटिस्ट्स फॉर सोसाइटी" जैसे मासूम-से दिखने वाले संगठन हों या "BSCEM" और "हिमखंड" जैसे छद्म समूह, ये सभी उस अर्बन नक्सली पारिस्थितिकी के अंग हैं जो देश की हर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दूषित करने में लगी है। देखा जाये तो आजकल जिहादी और नक्सली "सोशल एक्टिविस्ट" का मुखौटा लगाकर अपने कृत्यों को अंजाम देने लगे हैं। हवा साफ करने का आंदोलन था, पर उद्देश्य था हिडमा को महिमामंडित करना! यह वही हिडमा है जिसने दर्जनों जवानों की हत्या की, जो सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर समेत कई क्षेत्रों में रक्तरंजित घटनाओं का मुख्य साजिशकर्ता रहा, और जिसे हाल ही में आंध्र प्रदेश में सुरक्षाबलों ने एक साहसी मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उसके समर्थन में नारे लगाना केवल कानून के खिलाफ नहीं, बल्कि भारतीय संविधान, भारतीय सुरक्षा बलों और भारत के अस्तित्व के खिलाफ खड़ा होना है। रविवार को जो नारे लगे, वे केवल एक अपराध नहीं, एक विकृत और देशविरोधी मानसिकता का खुला प्रदर्शन था। यह मानसिकता भारत को भीतर से तोड़ने की कोशिश करती है। यही कारण है कि देश के नागरिक जब मंगलवार को इंडिया गेट पर आए



# बाल कौशल प्रतिस्पर्धा के समापन पर विजेता व उपविजेता किए गए पुरस्कृत





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 26 नवंबर।** खंड पंडरिया के ग्राम जंगलपुर में दिनांक 24 व 25 नवंबर को विकास खंड स्तरीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता स्कूल स्तर से प्रारंभ होकर,38 संकुलों में संकुल स्तर फिर 4 जोन बनाकर 4 जोन स्तरीय अंत में आज दिनांक को विकास खंड स्तरीय का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना वोहरा रही।प्रतिस्पर्धा में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्तर के बालक व बालिका वर्ग के लिए खेलकूद के साथ सा सह संज्ञानात्मक विधा को भी शामिल किया गया था। कुमारी सहोदरी साहू पूर्व माध्यमिक शाला किशुनगढ़ ने 125 तक का पहाड़ा सुनाकर प्रथम स्थान पर रही। किशनगढ़ के ही प्राथमिक स्तर के बच्चो के द्वारा कबाड़ में जुगाड प्रतियोगिता में चलित डीजे बनाकर उसके प्रस्तुतीकरण को सभी के द्वारा सराहा गया। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम जामुनपानी के प्राथमिक शाला हिंदी माध्यम के बच्चो के द्वारा 5 मिनट तक बेबाक रूप से अंग्रेजी कन्वर्सेशन सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। ॥द्बद्दद्ध ह्राष्द्धश्चश्चद्य कोलेगांव बसनी तथा हायर सेकेंडरी स्कूल सैहामलगी के बालिकाओं के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ।जिसमें कोलेगांव बसनी की टीम विजेता रही। ब्लॉक स्तरीय बेस्ट लाइब्रेरी उपयोगिता तथा बेस्ट प्रयोगशाला उपयोगिता के बेस्ट 3द्ध3 स्कूलों को सम्मानित किया गया।प्रतिस्पर्धा में खो खो ,कबड्डी,फुगड़ी, 100 मीटर,200 मीटर,400 मीटर दौड़,ऊंची कूद,लंबी कूद,जलेबी दौड़,गोली चम्मच दौड़, बोरा दौड़ ,कुर्सी दौड़,विज्ञान मॉडल,कबाड़ में जुगाड,पहाड़ा,सुलेख राइटिंग,अंग्रेजी कन्वर्सेशन,मेहंदी,चित्रकला,रंगोली, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता को शामिल किया गया था । सभी विजेता व उपविजेता को व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से पुरस्कार प्रदान किया गया।। विकास खंड के सभी पीटीआई ने भरपूर मेहनत व लगन से सही निर्णय देकर प्रतिस्पर्धा को सफल बनाया। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने की । पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी , सरपंच , जनप्रतिनिधि , शिक्षक , बच्चों की उपस्थिति रही । सफल कार्यक्रम बनाने में सरपंच और शिक्षकों की भी अच्छी भूमिका रही ।आभार एम के गुप्ता विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया के द्वारा किया गया ।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने आदर्श नगर में एसआईआर का निरीक्षण किया,बीएलओ से जानकारी ली



**कवर्धा,26 नवंबर।** कलेक्टर गोपाल वर्मा आज वार्ड क्रमांक 5 आदर्श नगर में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा प्रगणन फॉर्म कलेक्शन और डिजिटाइजेशन कार्य के निरीक्षण किए। यहां उन्होंने वार्ड में कार्यरत बीएलओ से अब तक हुए ऑनलाइन अपडेशन कार्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के घर पहुंचकर उनसे फॉर्म वितरण और कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता निर्धारित तिथि के पूर्व फॉर्म भरकर अपने बीएलओ को अनिवार्य रूप से दें। यह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के पुनरीक्षण का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। कलेक्टर ने बताया कि सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि लोगों से फॉर्म लेने के लिए सुबह अथवा शाम के समय संपर्क करें। ताकि लोग घरों पर मिले और बीएलओ को फॉर्म कलेक्शन के लिए बार बार जाने की आवश्यकता न पड़े तथा फॉर्म एकत्र करने में तेजी आए। उन्होंने नगरीय निकायों में मतदान केंद्रवार मतदाताओं की अधिक संख्या के मद्देनजर डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे समय सीमा का पालन सुनिश्चित हो। इस मौके पर सीएमओ नगरपालिका रोहित साहू, नायब तहसीलदार विकास जैन सहित उस मतदान केंद्र के बीएलओ और वार्डवासी उपस्थित रहे।

### दीपशिखा स्कूल के तीन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता के लिए



**उतई, 26 नवंबर।** दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह, उतई के विद्यार्थियों ने शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपने प्रतिभा दिखाए। विद्यालय से तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसमें एथलेटिक्स खेल स्पर्धा में रिद्धि मानकर इंदौर (मध्य प्रदेश )में तथा तैराकी खेल स्पर्धा में तृप्ति कोसरे ,तनुश्री कोसरे नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे ।राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में छ- खिलाड़ियों ने अपना स्थान प्राप्त किये तथा सर्वोत्तम खेल का प्रदर्शन किये ।बच्चों ने विभिन्न खेलों में अंडर 14, 17 ,19 वर्ग में अपनी प्रतिभा दिखाए। जिसमें एथलेटिक्स खेल में भुवेश साहू, वीरेंद्र साहू ,करण कुमार रग्बी खेल स्पर्धा में आर्यन पटेल फुटबॉल खेल स्पर्धा में पायल साहू ,वेदिका साहू शामिल है।संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी 22 बच्चों ने अपने खेल का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर विभिन्न खेलों में अपना स्थान प्राप्त किये खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर दीपशिखा शिक्षण समिति के डायरेक्टर डी एल सिन्हा विद्यालय के प्राचार्य के आर सिन्हा,श्रीमती शांता सोनवानी परीक्षा प्रभारी एन के चंद्राकर उप प्राचार्य प्रमोद कुमार ,प्रधान पाठक शरणजीत कौर उपप्रधान पाठक एस आर सेन, पालक शिक्षक समिति के सदस्यगण तथा अन्य शिक्षक -शिक्षिकाओं ने उनके प्रभारी शिक्षक तरुण यादव एवं दीपक विश्वकर्मा तथा सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पाटन ब्लॉक में तेजी से चल रहा एस आई आर, एसडीएम और तहसीलदार पहुंचे निरीक्षण करने



**पाटन,26 नवंबर।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण स्ढ्ढक्र कार्य पाटन ब्लॉक में जोरो से चल रही है। प्रत्येक गांव में चल रहे एस आई आर कार्यों पर एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव नजर रखे हुए है। उन्होंने बताया कि सभी बी एल ओ और इस कार्य में लगे सभी शिक्षक अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए है कि समय अवधि में काम पूरा करना है। अब मतदाता भी पहुंच रहे है। आज मंगलवार को एसडीएम पाटन ने सेलूद सहित आसपास के गांव में जाकर चल रहे एस आई आर कार्य का निरक्षण किया। यहां पर एक बूथ में आनलाइन का काम थोड़ा धीरे चल रहा था जिसे तेजी लाने के निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक अभी तक पाटन ब्लॉक में 50 फीसदी से अधिक आनलाइन किया जा चुका है। पाटन ब्लॉक के कई गांवों में यह कार्य 90 प्रतिशत तक भी पूरी कर ली गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अभी मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इस कार्य में राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को भी लगाया गया है। गांव में मितानिन, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक भी इसी कार्य में जुट हुए है। ऑफलाइन फॉर्म जमा करने भी मतदाताओं ने भी काफी रुचि दिखाई है। वही आनलाइन में कही कही सर्वर की समस्या होने का भी खबर है। जिसे एसडीएम के निर्देश पर ठीक कराया गया।

## एक नजर

### बीएलओ पर ईट से हमला,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 26 नवंबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के मतदाता पुनरीक्षण अभियान में लगे बीएलओ को शराब के नशे में एक युवक ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए हत्या करने की नियत से इंट से सिर में वारकर चोट पहुंचायी है रिपोर्ट पर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109,132,121 (2) बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रुपेश कुमार जोशी पिता भगवती प्रसाद जोशी (35 साल ) निवासी अटल आवास बोगदा पुल जामुल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह सेक्टर -11 शासकीय प्राथमिक शाला खुर्सीपार में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा एसआईआर निर्वाचन कार्य में उनकी ड्यूटी विधान सभा 65 भिलाई नगर के भाग संख्या 117 में लगी हुई है। इसके तहत 25 नवंबर को खुर्सीपार के वार्ड क्र 44 लक्ष्मी नारायण वार्ड में मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना पत्रक संग्रहण का कार्य किया जा रहा था। प्रार्थी के साथ में निगम के दो कर्मचारी पी. कार्तिक एवं दिनेश भी ड्यूटी में थे लक्ष्मी नारायण वार्ड के गोकुल नगर में ड्यूटी के दौरान जावेद हुसैन निवासी उड़िया मोहल्ला प्रार्थी के पास आकर गाली-गालौज करते हुए यहां से भाग जा वर्ना बहुत मार मारूंगा कहते हुए झगड़ा करने लगा आरोपी ने शासन के निर्वाचन काम में बांधा डालते हुए अपने हाथ में ईट उठाकर प्रार्थी की हत्या करने की नियत से उसके सिर पर वार कर दिया। प्रार्थी के साथ उपस्थित कार्तिक एवं दिनेश ने बीच बचाव किया। अगर बीच बचाव नहीं होता तो वह प्रार्थी की हत्या कर देता। इसके बाद प्रार्थी ने घटना के बारे में फोनकर जोन स्वास्थ्य अधिकारी जोन क्रमांक 04 को बताया जो तत्काल पहुंचे और प्रार्थी को अपने साथ शासकीय अस्पताल सुपेला ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया वहीं घटना की सूचना मिलते ही छावनी एसडीएम हितेश पिस्दा व खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी जावेद हुसैन को हिरासत में ले लिया।

### आईजी ने महिला अपराधों की समीक्षा की



**भिलाई, 26 नवंबर ।** दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने मंगलवार को इन्वेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंस (आईटीएसएसओ) पोर्टल के माध्यम से महिला संबंधी अपराधों की जांच प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में चालान निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर स्थिति में न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएं आईजी ने कहा कि जांच में अनावश्यक विलंब न केवल पीड़ितों को समय पर न्याय से वंचित करता है, बल्कि पुलिस जांच की विश्वसनीयता को भी प्रभावित करता है। इसलिए लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाते हुए दिसंबर माह तक रेंज स्तर पर अधिकतम प्रगति सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस जांच में तकनीकी संसाधनों का उपयोग अनिवार्य- आईजी समीक्षा बैठक के दौरान आईजी ने आईटीएसएसओ पोर्टल पर प्रकरणों की प्रगति, केस ट्रैकिंग प्रणाली, जांच में आने वाली चुनौतियों और बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सुधारों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए और प्रत्येक प्रकरण की पारदर्शी व समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए सहित विभिन्न जिलों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बी.एल.ओ.ड्यूटी कर रहे शिक्षक पर जानलेवा हमला

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने की कड़ी निंदा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 नवंबर।** भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में बी.एल.ओ.ड्यूटी पर कार्यरत शिक्षक श्री रूपेश जोशी पर गाली गलौज करते ईट से हुए जानलेवा हमले की घटना ने शिक्षकों में आक्रोश पैदा कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षक पर उस समय हमला किया गया जब वह अपने कार्यस्थल पर जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने इस कृत्य की तीव्र निंदा की है। फेडरेशन ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शन करते हैं और उन पर इस प्रकार के हमले बिल्कुल अस्वीकार्य हैं। संगठन ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और सरकार से शिक्षकों के जानमाल के सुरक्षा के साथ बीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पाटन चेतन सिंह परिहार,जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार देवांगन, ब्लॉक सचिव पाटन राजकुमार बघेल,उपाध्यक्ष खेलावन सिंह कुर्रे व टेकेश्वर प्रसाद यदु,बुधारू राम निषाद,राजकुमार गुप्ता, देवनारायण बघेल,झम्मन सिंह,अंकेश महिपाल, दानेश्वर प्रसाद वर्मा,कृष्ण कुमार शर्मा, सुनील बघेल,चन्द्रशेखर साहू,,यादराम साहू,कामता प्रसाद धनकर,कमलेश कुमार साहू,टेकराम चंद्राकर ,किशोर कुर्रे,चिंताराम भारतद्वज,खिलेश कुमार साहू,ज्ञानेश्वर द्विवेदी,वरुण निषाद, पुरुषोत्तम ठाकुर, शेषनारायण निषाद,टेकराम साहू, महाबीर निषाद, महिला प्रकोष्ठ पाटन,अध्यक्ष श्रीमती रचना वर्मा सचिव श्रीमती मनीषा गौतम,श्रीमती हर्षलता साहू,श्रीमती शशिकला कुर्रे आदि ने कहाकि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# साइबर ठगों की धोखाधड़ी से अर्जित राशि खपाने वाले 11 खातेदार गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 नवंबर।** भिलाई मोहन नगर थाने पुलिस ने साइबर ठगी में उपयोग किए जा रहे म्यूल अकाउंट के बड़े फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ करते हुए 16 खाताधारकों को गिरफ्तार किया है। इन खातों का इस्तेमाल देशभर में सक्रिय साइबर ठगों ने धोखाधड़ी से अर्जित राशि को खपाने और आगे बढ़ाने के लिए किया था पुलिस ने बताया कि कार्रवाई भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (द्ब4ष्ट) के समन्वय पोर्टल से मिले इनपुट के आधार पर की गई पोर्टल से मिली जानकारी में कर्नाटक बैंक, मोहन नगर शाखा के 22 खातों में करीब 11 लाख रुपए की संदिग्ध राशि जमा पाए जाने की बात सामने आई थी विधिझांच में पुष्टि हुई कि येफाम और साइबर ठगी गतिविधियों से प्राप्त की गई थी, जिसे खाताधारकों ने निकाला, खर्च किया या अन्य खातों में ट्रांसफर कर आगे बढ़ाया सभी आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने व्यापक तलाश के बाद कलविंदर सिंह, चौहान जीवन, निधि बघेल, लालकृष्ण साहू, राहुल यादव, पंकज चौबे, अक्षय सोनी, पायल सोनी, राज सिंह, राहुल कुमार जयसेल, उज्जवल सिंह, पंकज टंडन, हेमंत दलाई, रामअवतार यदु, मुकुंद सेन और राम दुबे को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ धारा 317(2), 317(4), 318(4), 111, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है कैसे काम करता था गैंग ने बताया कि आरोपी थोड़े पैसे के लालच में अपने बैंक खाते साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे इसी के जरिए ठग धोखाधड़ी की रकम को वैध लेन-देन की तरह दिखाकर एक खाते से दूसरे खाते में खपाते थे इस प्रक्रिया में खाताधारक स्वयं भी अपराध में सहभागी हो जाते थे।

### अलग अलग प्रकरण में 720 कट्टा अवैध व 315 क्विंटल चावल जब्त

**महासमुंद, 26 नवंबर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध धान संग्रहण और परिवहन पर रोक लगाने सतत निगरानी और सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व, वन, मंडी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा 720 कट्टा अवैध धान और 315 क्विंटल चावल जप्त कर संबंधित थानों एवं संस्थानों को सुपुर्द किया है।बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत मंगलवार को टेमरी अंतर्राज्यीय जांच चौकी में जांच के दौरान कुल 315 क्विंटल चावल बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन करते हुए पाया गया। वन विभाग एवं जांच चौकी कर्मियों द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए इसे थाना बागबाहरा को सुपुर्द किया गया। इसी तरह ग्राम बागबहरा कला में आज संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 150 कट्टा धान जप्त किया गया। धान को नियम अनुसार मंडी/थाना के सुपुर्द किया गया है।

# पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरे चोरी करने वाले पकड़े गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 नवंबर।** ग्राम पंचायत कोडिया में लगे सीसीटीवी कैमरे चोरी कर पंचायत की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले नौ आरोपियों को उतई थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने सभी के खिलाफ धारा 303(2), 324(4), 112 बीएनएस तथा लोक संपत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि सरपंच प्रतिनिधि कुमार निषाद की रिपोर्ट पर 24 नवंबर को मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया था कि 23 नवंबर की रात अज्ञात लोगों ने पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे चोरी कर लिए और भवन के सामने लगे 14 पोल खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया था मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम गठित की गई जांच में संदेह के आधार पर ग्राम कोडिया निवासी पीयूष साहू, नीरज उर्फ पप्पू साहू, लोमेंद्र यादव उर्फ छोटू, खिलेंद्र निषाद उर्फ छोटू, तुषार यादव उर्फ तेजेश्वर, लोकेश साहू, राजेंद्र निषाद उर्फ सोनू, नरेंद्र यादव और बहुत साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई सभी आरोपियों ने चोरी की योजना बनाकर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की उन्होंने बताया कि चोरी किए गए कैमरे को उन्होंने नजदीकी तालाब में फेंक दिया था पुलिस ने कैमरा बरामद कर जब्त कर लिया है>

# फर्जी दस्तावेज बनाकर 36 लाख लोन लेने के मामले में 7 लोग गिरफ्तार

भुइयां पोर्टल में दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर फर्जी तरीके से बैंक से 36 लाख रुपए लोन लिया गया। लोन लेने के बाद दूसरों के खातों में रुपए भी ट्रांसफर कर दिए। जब मामला तहसीलदार तक पहुंचा तब इस मामले में शिकायत दर्ज के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज किया। इस मामले में में पुलिस ने 7 आरोपियों को पकड़ा है। 5 आरोपी बिलासपुर, 1 रायपुर व एक को मुरमुंदा से पुलिस ने दबोचा है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) अभिषेक झा ने बताया कि प्रार्थी तहसीलदार राधेश्याम वर्मा तहसील कार्यालय अहिवारा जिला दुर्ग ने 13 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज करायी कि पटवारी हल्का नंबर 16 के ग्राम अछोटी एवं मुरमुंदा तहसील अहियारा जिला दुर्ग के भुइयां साफ्टवेयर में अज्ञात आरोपियों ने साफ्टवेयर को हैककर छेड़छाड़ कर फर्जी तरीके से भारतीय स्टेट बैंक शाखा नंदिनी नगर से 30 लाख रुपए का आहरण किया।



जांच के दौरान बैंक से रकम निकालने वाले आरोपी दिनुराम यादव निवासी अमरपुरी सुंदर नगर वार्ड रायपुर सिलतरा व एसराम बजारे निवासीअछोटी एवं अन्य के द्वारा षडयंत्र पूर्वक अवैध लाभअर्जित करने के लिये ऑनलाइन राजस्व अभिलेख में छेड़छाड़ कर मूल खसरा नंबर के रकबा में कूटरचित तरीके से नये खसरा नंबर का बटांकन कर नया खसरा सृजित कर दुरुपयोग किये जाने के संबंध में मामले में धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 3(5) बीएनएस 60 सी आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीकर कर विवेचना में लिया गया आरोपियों ने संगठित होकर षड़यंत्र रचकर घटना को अंजाम दिया विवेचना क्रम में संकलित साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में पूर्व में आरोपी एनके साहू, अमित कुमार मौर्य, गणेश प्रसाद तम्बोली को गिरफ्तार किया गया था। उक्त आरोपियों से पूछताछ पर पता चला कि अशोक उराय द्वारा पटवारी का यूर्जर आईडी एवं पासवार्ड एवं ओटीपी नबंर प्रदाय किया जाता था। पता चलने पर अशोक उराव (44 साल ) निवासी जांजगीर चांपा को तलाश कर गिरफ्तार किया गया। उसने पूछताछ में बताया कि मुरमुन्दा पटवारी के साथ सहायक का काम करने वाले नाबालिग को आरोपी संजय वर्मा ने प्रलोभन देकर मुरमुन्दा पटवारी का यूजर आईडी एवं पासवर्ड मांगकर शासकीय जमीनों में छेड़छाड़ कर छ्ल कर फर्जी दस्तावेज के आधार पर बैंक से लोन लेते थे। आर्थिक लाभ के लिए रायपुर के रहने वाले कोमल साहू (44 साल ) के माध्यम से कौशल फेकर (50 साल ), ओम प्रकाश निषाद (40 साल ), देवानंद साहू (32 साल ), शिवचरण कौशल (55 साल ) निवासी रायगढ़ को भुइयां साफ्टवेयर में काम करने के लिए कम्प्यूटर आपरेटर की तलाश करवा कर उसे पाटवारी का यूर्जर आईडी एवं पासवार्ड 1/2 ओटीपी देकर ऑनलाइन पोर्टल में छेड़खानी कराते थे। आरोपी शिवचरण कौशल के विरूद्ध इसी तरह के अन्य प्रकरण में चौकी कोरबी, थाना पसान, जिला कोरबा में अपराध पंजीबद्ध है। प्रकरण में आरोपियों द्वारा संगठित होकर षडयंत्र रच कर घटना को अंजाम देकर शासन को क्षति पहुंचाया जो संगठित अपराध की धारा 111 (2) एवं 61 (2) बीएनएस की धारा लगाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है जमीन का बटांकन कर छेड़छाड़, अपराध दर्ज विवेचना दौरान प्राप्त दस्तावेज एवं साक्ष्य के आधार पर मुख्य आरोपी दीनुराम यादव के द्वारा बैंक के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से लोन 36 लाख रुपए निकाल कर उक्त रकम को विभिन्न खाते में तुरंत हस्तांतरण कर दिया गया, जिसमें से 20,26.547 रुपए नंदकिशोर साहू निवासी मकान 04 बी, सडक नंबर 33 सेक्टर 5 के खाते में आया। उक्त संबंध में आरोपियों द्वारा दुर्ग जिले के ग्राम मुरमुन्दा, अछोटी, बोरसी, चेटूया में लगे जमीन का बटांकन कर छेड़छाड़ किया गया। अज्ञात व्यक्तियों ने शासकीय जमीनों का खसरा, रकबा बढ़ा कर विभिन्न बैंको से लोन लेकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन भुइया पोर्टल में छेड़छाड़ करने की शिकायत प्राप्त होने पर थाना नंदिनी नगर, थाना कुम्हारी व थाना अमलेश्वर में धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस 66 आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण दर्ज किया गया।

# डिवीज़न एवं सब डिवीजन लेवल पर निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूरा करें : कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 26 नवंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को सीएसपीडीसीएल एवं वेंडरो की बैठक लेकर जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने डिवीज़न एवं सब डिवीजन लेवल पर निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध सोलर पैनल स्थापना में कमजोर प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय- सीमा में लक्ष्य पूरा करने कड़ी मॉनिटरिंग एवं तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। स्थिति बेहतर बनाने सबका सहयोग जरुरी है। प्रशासन के सहयोग के साथ ही वेंडरो को भी तत्परता से कार्य करने की आवश्यकता है। वेंडरो के कार्य मॉनिटरिंग के लिये कलर कोड सिस्टम बनाएं जिसमें बेहतर निष्पादन के लिए हरा, संतोषजनक के लिए पीला एवं औसत के लिए लाल रंग रखें। अच्छा काम करने वाले वेंडरो को प्रोत्साहित करें और हितग्राही को भी बताएं ताकि उस वेंडर का चयन करे। वेंडरो को किसी प्रकार की समस्या हो तो सीएसपीडीसीएल के अधिकारी शीघ्र समाधान करें। उन्होंने हितग्राहियों के आवेदनों का बैंक के द्वारा शीघ्र कार्यवाही हेतु वेंडर एवं बैंकरो की हर सप्ताह डिवीजनवार मीटिंग आयोजित करने कहा।वेंडर- बैंकर मीटिंग मंगलवार को भाटापारा, बुधवार को बलौदाबाजार एवं गुरुवार को कसडोल डिवीज़न में होगा। बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल स्थापना हेतु वर्ष 2025 -26के लिये जिले को हितग्राही संख्या का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के लक्ष्य को डिवीजनवार बांटा गया है जिसमें भाटापारा में लक्ष्य 5160,आवेदन प्राप्त 2535 स्थापित 331, बलौदाबाजार में लक्ष्य 4500, प्राप्त आवेदन 4113,स्थापित 100, कसडोल में लक्ष्य 2380, प्राप्त आवेदन 1780 स्थापित 150 है।



## एक नजर

### उत्कृष्ट नागरिक बनाने लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी में शामिल हुए नगर के चार युवा



**डोंगरगढ 26 नवंबर।** 19 वें राष्ट्रीय जंबूरी में शामिल होने मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ से चार युवक शामिल हुए हैं । लखनऊ के सेक्टर 14 में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी का आयोजन 29 नवंबर तक किया जा रहा है। जिसमें 25 देशों के स्काउट गाइड एवं प्रतिनिधि तथा भारत के सभी प्रदेशों से 35000 से अधिक स्काउट गाइड शामिल हो रहे हैं। डोंगरगढ़ से भी चार सदस्सीय दल इस आयोजन में भाग ले रहा है। देवेंद्र साखरे के नेतृत्व में श्यामलाल साहू शंकर वर्मा चंद्रशेखर सहित सभी चार सदस्यों का चयन राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा शिविर में सहयोग के लिए किया गया है । विशेष रूप से आमंत्रित ये सदस्य पूरे शिविर में उपस्थित लोगों को सहयोग करेंगे। शिविर का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे तथा समापन समारोह भारत की राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के द्वारा होगा। इस शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं साहसिक अभियान रात्रि हाईकोर्ट प्लाजा एडवेंचर कार्यक्रम शामिल है इसमें व्यक्तित्व एवं आध्यात्मिक विकास को एक नया रूप मिलेगा। जिससे उत्कृष्ट नागरिक बनने की प्रेरणा मिलेगी। शिविर में 50000 से अधिक लोग शामिल हो रहे हैं।

### सहकारी समिति सदस्यता सूची के प्रकाशन के लिए दावा-आपत्ति 27 नवम्बर तक

**बलौदाबाजार, 26 नवंबर।** नवबृज शाकंभरी कृषि उत्पादक सहकारी समिति मर्या. पलारी पं.क्र. 281 के द्वारा राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग छ.ग. के निर्देश पर बोर्ड के सदस्यों का निर्वाचन के संबंध में साधारण सभा,विशेष साधारण सभा संपन्न किया जाना है।सोसाइटी की सदस्यता सूची के सम्बन्ध में किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो 27 नवम्बर 2025 तक सोसायटी कार्यालय में एवं कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बलौदाबाजार में प्रस्तुत कर सकते है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना

**राजनांदगांव 26 नवम्बर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा।

## निधन

### चिराग अग्रवाल



**डोंगरगढ़ 26 नवंबर।** नगर के महावीर पारा निवासी स्वर्गीय विष्णु प्रसाद अग्रवाल के पुत्र चिराग अग्रवाल का 41 वर्ष की उम्र में असामयिक निधन हो गया। वे गत पांच सात वर्षों से गंभीर रूप से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 26 नवंबर को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। अंतिम यात्रा महावीर पारा स्थित निवास से छीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। उनके निधन पर अग्रवाल समाज मारवाड़ी समाज विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# नोबेल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्रियों के योगदान पर की गई चर्चा



**डोंगरगढ 26 नवंबर।** स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में महाविद्यालय क प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही.रेवती के दिशा-निर्देशन एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे के मागदर्शन में वर्ष 2025 में अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कृत अर्थशास्त्रियों के योगदान के संबंध में समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे ने परिचर्चा के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों को आर्थिक विकास के क्षेत्र में अर्थशास्त्र के योगदान एवं महत्व को अवगत कराना है। इसके अतिरिक्त वर्तमान वर्ष में जिन अर्थशास्त्रियों को अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, उनसे परिचित कराना भी इस समूह परिचर्चा का उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक मनीषा भेड़िया ने नोबेल पुरस्कार प्रदान करने के कारणों पर विस्तार से बताया तथा विद्यार्थियों को समूह परिचर्चा में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इस परिचर्चा में भाग लेते हुए एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा करीना डोंगरे ने बताया कि इस वर्ष अर्थशास्त्र के लिए नोबेल जोएल मोकिर, पीटर हॉविट तथा फिलिप एगियन को आर्थिक विकास के नवप्रवर्तन की प्रेरणा की शोध पर सम्मानित किया गया है। इसी प्रकार एम.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र सागर साहू ने अपने परिचर्चा प्रस्तुतीकरण में नोबेल पुरस्कृत अर्थशास्त्रियों के उल्लेखनीय योगदान का उल्लेख किया तथा आर्थिक विकास में नवीन तकनीकी एवं नवीन खोज पर शोध कार्य का उल्लेख किया। अर्थशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर के अन्य छात्र, एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा तेजेस्वरी, योगेश्वरी पटेल, विकास साहू तथा भूपेन्द्र कुमार साहू ने भी समूह परिचर्चा में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत कर विभिन्न क्षेत्रों में दिये जाने वाले नोबेल पुरस्कार के इतिहास एवं महत्व को रेखांकित किया। परिचर्चा के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे ने स्नातकोत्तर कक्षा के विद्यार्थियों तथा विभागीय छात्र परिषद के पदाधिकारियों को परिचर्चा में सहभागिता तथा समसामयिक विषयों पर अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया तथा इसी प्रकार के अन्य समसामयिक एवं अर्थशास्त्र से संबंधित अन्य ज्वलंत विषयों पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।

### परीक्षा के सुचारू संचालन में पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्षों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी:कलेक्टर

**राजनांदगांव 26 नवम्बर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 7 दिसम्बर 2025 को जल संसाधन के अंतर्गत आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 2025 संचालन के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक ली। कलेक्टर श्री यादव ने छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफलतापूर्वक परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्षों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों को अच्छे से निर्वहन करने कहा। उन्होंने व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं नियुक्त केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं वीक्षकों के दायित्वों एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

### रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत नगरी से 31 लोगों को ले जाने वाली बस को जनपद अध्यक्ष महेश गोटा दिखाई हरी झंडी

**नगरी 26 नवंबर।** रामलला दर्शन योजना के तहत नगरी क्षेत्र से 31 श्रद्धालुओं का दल आज अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा छत्तीसगढ़ शासन की श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को अयोध्या सहित अन्य तीर्थस्थलों के दर्शन का अवसर प्रदान करना है। जनपद पंचायत नगरी परिसर से बस को जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया और सभी को मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। श्रद्धालुगण नगरी से बस द्वारा रायपुर पहुंचने के बाद वहां से विशेष तीर्थयात्रा ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम जाएंगे। यह विशेष ट्रेन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर चलाई जा रही है, जिसके माध्यम से प्रदेश के श्रद्धालुओं को निशुल्क तीर्थ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।चार दिवसीय इस पवित्र यात्रा के दौरान श्रद्धालु अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के साथ-साथ काशी विश्वनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के भी दर्शन करेंगे। जत्था निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 तारीख को नगरी वापस लौटेगा।श्रद्धालुओं को रवाना करने के अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने इस योजना को आस्था और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने वाली पहल बताया।



# लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए लोगों को किया गया जागरूक

**बलौदाबाजार,26 नवंबर।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत ग्राम पंचायत पहंदा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, महिला उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक शिकायत के बारे में जागरूकता, सोशल मीडिया पर पोस्ट/इंफोग्राफिक्स के माध्यम से पास्को डीवि एक्ट एवं विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।जिला महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री मंजू तिवारी एवं जिला मिशन समन्वय प्रीति नवरत्न ने महिलओं एवं बच्चों पर होने वाले विभिन्न प्रकार के हिंसा, शारीरिक, मानसिक, भवनात्मक, आर्थिक एवं लैंगिंक हिंसा के बारे में जानकारी दी गई, ऐसे मामलों में मिलने वाली कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाली। कार्यक्रम में ग्राम पहंदा सरपंच बुधेश कोसले, सचिव ए.एस.लहरे, पर्यवेक्षकगिरिजा वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं हितग्राही उपस्थित रहें।



## समाचार संक्षेप

### अवैध शराब बेचने वाले कोचिया के खिलाफ की गई कार्रवाई

**मोहला 26 नवंबर।** औंधी में अवैध शराब पर पुलिस ने की कार्यवाही, मुखबीर की सूचना पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रख कर बिक्री करने वाले आरोपी संजीत साना पिता रंजीत साना उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम पाले भट्टी थाना औंधी*के घर दुकान से व आरोपी के कब्जे से 26 नग पौवा गोवा व्हीस्की शराब, 02 नग पौवा आर एस अंग्रेजी शराब जुमला शराब 5.040 बल्क लीटर कुल कीमती 3,360 रूपये के मिलने से बरामद कर मौके पर जप्त किया गया और आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार का मौके पर ही देहाती नालिसी अपराध क्रमांक 00/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया ।



### अवैध रुप से शराब बिक्री करने वाले 3 कोचियों को किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 26 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 25.11.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोसमंदी टेंगना नाला के पास गातापार जाने वाले मार्ग एवं ग्राम रसौटा पुलिया के पास मेनरोड में घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत हर बालिका राष्ट्र की पूंजी कार्यक्रम आयोजित



**बलौदाबाजार,26 नवंबर।** शासन के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन तथा शिक्षा विभाग के समन्वय से परियोजना कसडोल के अंतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत थीम हर बालिका राष्ट्र की पूंजी का जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महिला सशक्तिकरण से श्रीमती कौसिल्या सोनवानी द्वारा महिलाओं एवं बच्चों पर होने वाले विभिन्न प्रकार के हिंसा, शारीरिक, मानसिक, भवनात्मक, आर्थिक एवं लैंगिंक हिंसा के बारे में जानकारी दी गई, ऐसे मामलों में मिलने वाली कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाली गई। साथ ही साथ स्कूल की प्राचार्य की उपस्थिति में बालिकाओं द्वारा भाषण, रंगोली, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पुरष्कृत किया गया। महिला सशक्तिरण केन्द्र के द्वारा विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में शिक्षक गण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू राम निषाद 28 नवम्बर को जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव 26 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू राम निषाद 28 नवम्बर 2025 को जिले के प्रवास पर रहेंगे। अध्यक्ष श्री नेहरू राम निषाद सुबह 10 बजे सर्किट हाऊस सभाकक्ष में पिछड़ा वर्ग जनप्रतिनिधियों से भेंट व चर्चा करेंगे। अध्यक्ष श्री निषाद सुबह 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। वे दोपहर 3.30 बजे सर्किट हाऊस सभाकक्ष में प्रेसवार्ता करेंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकांति वर्मा उपस्थित रहेंगी।

## अवैध धान पर निगरानी रखने फील्ड पर चौकस रहने के निर्देश

# एसआईआर अंतर्गत गणना पत्रक डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी से प्रगति लाएं:कलेक्टर

**बलौदाबाजार,26 नवंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे समय- सीमा की बैठक मे विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई आर ) अंतर्गत गणना पत्रकों का संकलन एवं डिजिटइजे शन कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 दिसम्बर तक गणना पत्रक सम्बंधित कार्य पूर्ण करना है। तय समय पर कार्य पूरा करने हेतु शून्य से 20 प्रतिशत डिजिटाजेशन करने वाले बीएलओ को चिन्हित कर उसकी समस्या का समाधान करें, सहयोगी की जरूरत हो वहां सहयोगी भी लगाएं। इसीतरह 20 से 30 प्रतिशत वाले बीएलओ का भी बैठक लेकर फॉर्म संकलन एवं डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा नवंबरसे शुरू हुए समर्थन मूल्य मे धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि थोक एवं फुटकर विक्रेताओं की भौतिक सत्यापन संयुक्त टीम जांच के द्वारा की जाए और अवैध धान मिलने पर उसे जब्त कर विक्रेता को ही सुपुर्द न कर अन्य स्थान पर भण्डारित करने कहा। उन्होंने धान खरीदी कार्य में तैनात पटवारी व आरएइओ को यथावत रखने तथा आहारण संवितरण का कार्य एवं प्रतिदिन का लेखा कार्य को देखने कहा। इसीतरह चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को अलर्ट रहने एवं अवैध धान परिवहन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणो के निराकरण की समीक्षा करते हुए एक साल, दो साल और 5 साल तक लंबित प्राकरणो का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। तहसील और एसडीएम को नियमित कोर्ट लेने कहा।इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन,कलेक्टर जनदर्शन शिकायत शाखा से सम्बधित लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिये।

बैठक मे अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**राजनांदगांव 26 नवंबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्धारित मापदण्डों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अच्छा कार्य कर रहे हैं, इसमें और प्रगति लाने की जरूरत है। सभी विभाग निर्धारित समय पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में डाटा एन्ट्री करें। उन्होंने पोर्टल अंतर्गत विभिन्न मापदण्डों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अपार आईडी निर्माण का कार्य लगभग 90 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने आधार अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक जनमानस को लाभान्वित करें। इस योजना से बिजली बिल शून्य होने पर उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा।

संपादकीय

# समय नक्सलियों की बात मानने का नहीं, मनवाने का है

सीमावर्ती राज्यों महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना व ओडिशा में नक्सलियों के खिलाफ एक साथ अभियान चलाए जाने से नक्सलियों पर बहुत ज्यादा दबाव है,किसी भी राज्य में उनके लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं बची है। किसी भी राज्य में उनका कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। खुले जंगल में सुरक्षा बलों की गोलियों से मारे जाने का खतरा बढ़ गया है।नक्सलियों के खुले में आते ही उनकी गतिविधियों की खबर सुरक्षा बलों तक पहुंच जाती हैं, इसी वजह से उसके कई बड़े नेता मारे जा चुके हैं। बड़े नेताओं के मारे जाने का संगठन के लोगों पर सबसे ज्यादा बुरा प्रभाव पड़ा है। पहले नक्सलियों के बड़े नेता मारे नहीं जाते थे, इससे यह धारणा बनी हुई थी कि हमारे बड़े नेताओं को सुरक्षा बल मार नहीं सकती। हमारे बड़े नेता सुरक्षित है तो हमारा संगठन कमजोर नहीं हो सकता। बसव राजू के बाद हिड़मा के मारे जाने का संगठन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। इससे यह धारणा टूट गई है कि हमारे बड़े नेता को सुरक्षा बल के जवान मार नहीं सकते। इससे संगठन के लोगों को लगता था कि उनकी सुरक्षा के उपाय भी बड़े नेता कर लेंगे। बसव राजू व हिड़मा जैसे नेताओं के मारे जाने से संगठन के दूसरे,तीसरे व चौथे लेबल के नक्सलियों को लगा कि जब हमारे नेता ही खुद को बचा नही पा रहे हैं तो वह हमें क्या बचाएंगे। यही वजह है बसव राजू के मारे जाने के बाद से नक्सलियों के सरेंडर का जो सिलसिला शुरू हुआ है, वह जारी है और आए दिन २०-३० संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। कभी छत्तीसगढ़ में कर रहे हैं तो कभी तेलंगाना में कर रहे हैं। हिड़मा के मारे जाने के बाद सरेंडर करने वालों में अब हिड़मा के संगठन के लोगों की सबसे ज्यादा है। इसी महीने मंगलवार १८ नवंबर को आंध्रप्रदेश में जवानों ने हिड़मा,उसकी पत्नी समेत पांच लोगों को मार गिराया।यह नक्सलियों के सबसे बड़ा झटका था क्योंकि हिड़मा के कारण ही बस्तर में कहीं कहीं नक्सली संगठन बचा हुआ था और हिड़मा के सरेंडर न करने के कारण उसके संगठन के लोग भी सरेंडर नहीं कर रहे थे। हिड़मा के मारे जाने का असर यह हुआ है कि अब सरेडर करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। बुधवार को फिर ७ नक्सली मारे गए और ५० नक्सली गिरफ्तार भी किए गए।इसके कुछ दिन २२ नवंबर को हिड़मा के साथी एर्रा सहित ३७ नक्सलियों ने सरेंडर किया।सोमवार २४ नवंबर को १५ नक्सलियों ने सरेंडर किया। यह सिलसिला छत्तीसगढ़ के साथ आंध्र व तेलंगाना में जारी है। इसका परिणाम यह हुआ है कि नक्सलियों के बचाने के लिए पहली बार महाराष्ट्र,मप्र,छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सली संगठन की स्पेशल जोनल कमेटी(एमएमसी) ने तीनों राज्यों के सीएम पत्र भेजा और कहा है कि वह सामूहिक सरेंडर करना चाहते हैं। इसके लिए १५ फरवरी २०२६ तक का समय मांगा गया है। ताकि नक्सली संगठन सरेंडर के लिए आपस मे बात कर सकें। इस बार पत्र में आग्रह किया गया है कि फरवरी तक सुरक्षा बलों के अभियान को रोका जाए।छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने लिखे गए पत्र के जवाब में कहा है कि पत्र और आडियो दोनों मुझ तक पहुंचे हैं। वह १५ फरवरी तक आपेरशन रोकने की बात कर रहे है,इतनी लंबी अवधि तक आपरेशन रोकने की जरूरत नहीं है। किसी भी काम के लिए १०-१५ दिन काफी है। इसका मतलब है कि सरकार समझ रही है कि नक्सलियों को मौका देने की जरूरत नहीं है,वह निरतंर कमजोर पड़ रहे हैं, सरेंडर कर रहे है तो आगे भी वह मजबूर होकर सरेंडर करेंगे। यह समय नक्लसियों की कोई बात मानने का नहीं है,यह समय नक्सलियों से अपनी बात मनवाने का है, मानेंगे तो बचेंगे नही मानेंगे तो बसव राजू व हिड़मा की तरह मारे जाएंगे। गेंद नक्सलियों के पाले में है। बात तो उनको ही माननी होंगी।

# भारत का संविधान: अतीत की विरासत और भविष्य की दिशा

**संविधान दिवस**

**सुनील कुमार महला**



प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि इसे 'राष्ट्रीय विधि दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। यह वही दिन है जब सन् 1949 में संविधान सभा ने भारत के संविधान को औपचारिक रूप से अंगीकृत किया था, जबकि इसे लागू 26 जनवरी 1950 को किया गया। बहुत कम लोग यह बात जानते होंगे कि भारत का मूल संविधान हाथ से लिखा गया है, तथा खूबसूरत कलाकृतियों से सजाया गया है और आज भी संसद भवन की लाइब्रेरी में एक विशेष हिलियम-युक्त केस में सुरक्षित रखा गया है। एक और कम ज्ञात तथ्य यह है कि संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में बनी ड्राफ्टिंग कमेटी के अलावा कुल 22 समितियों ने अलग-अलग विषयों पर विस्तृत कार्य किया था। ध्यातव्य है कि 26 नवंबर की एक और बड़ी याद 2008 के मुंबई आतंकी हमलों की बरसी भी है। इस वजह से यह दिन हमें संविधान की रक्षा, देश की एकता और आतंकवाद के खिलाफ हमारी मजबूती की भी याद दिलाता है। इसलिए 26 नवंबर सिर्फ संविधान दिवस नहीं, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थाओं पर भरोसे और देश की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का खास मौका भी है। बहरहाल, यदि हम यहां पर भारतीय संविधान की विशेषताओं के बारे में बात करें तो भारतीय संविधान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे विस्तृत संविधान है, जिसमें देश की विविधता, संस्कृति और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर प्रावधान बनाए गए हैं। यह संविधान संघीय ढाँचे पर आधारित है, लेकिन केंद्र को पर्याप्त शक्तियाँ देकर इसे मजबूत संघ बनाया गया है। इसमें मौलिक अधिकारों के माध्यम से नागरिकों की आज़ादी और सम्मान की रक्षा की गई है, वहीं मौलिक कर्तव्यों से नागरिकों को राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा मिलती है। संविधान में धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, समानता और स्वतंत्र न्यायपालिका जैसी मूलभूत विशेषताएँ उसे आधुनिक और प्रगतिशील बनाती हैं। इसके अलावा, इसमें समय के साथ बदलाव की सुविधा भी है, जिससे संविधान बदलती परिस्थितियों के अनुरूप स्वतः विकसित होता रहता है। यही लचीलापन और व्यापकता भारतीय संविधान को दुनिया के सबसे सफल संविधानों में एक बनाती है। हमारे देश का संविधान दिवस हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे लोकतांत्रिक आदर्शों को याद दिलाता है। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा का सम्मान है। वास्तव में, यह दिन हमें यह बताता है कि मजबूत लोकतंत्र मजबूत संवैधानिक संस्थाओं और कानून के शासन से ही कायम रहता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारतीय संविधान हमारे देश की नींव है। आज़ादी मिलने के बाद हमारे नेताओं ने मिलकर ऐसा नियम बनाया, जो हर नागरिक को अधिकार दे और देश को सही दिशा में चलाए। समय के साथ संविधान ने देश को मज़बूत लोकतंत्र बनाया, जहाँ हर व्यक्ति को बोलने, शिक्षा पाने, न्याय पाने और बराबरी का हक मिलता है। आज भी संविधान हमें सही और गलत में फर्क करने की ताकत देता है और सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह बनाता है। आने वाले समय में तकनीक, इंटरनेट, सुरक्षा और समाज में होने वाले बदलावों के कारण नई चुनौतियाँ आएंगी, लेकिन संविधान की खासियत यही है कि यह समय के साथ बदलता है और देश को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाता रहता है। इस तरह संविधान भारत के भूतकाल की शक्ति, आज की पहचान और भविष्य की दिशा-तीनों का आधार है। हमारे देश का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है , बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संघर्ष की आकांक्षाओं, बलिदानों और लोकतांत्रिक सपनों का परिणाम है। गौरतलब है कि 1946 में संविधान सभा का गठन हुआ और लगभग तीन साल तक विस्तृत बहसों, समितियों और चिंतन के बाद 26 नवंबर 1949 को हमारे देश का संविधान अंगीकृत हुआ। इसमें दुनिया के श्रेष्ठ लोकतांत्रिक मूल्यों को भारतीय परिस्थितियों और विविधता के अनुरूप ढाला गया, फिर चाहे वह मौलिक अधिकार हों, सामाजिक न्याय की अवधारणा हो या संघीय व्यवस्था। यह वह समय था जब भारत ने कानून के राज, समानता, धर्मनिरपेक्षता और स्वतंत्रता को अपनी राष्ट्र-आत्मा बनाया। आज समय बदल चुका है, लेकिन संविधान भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है। यह न केवल शासन व्यवस्था का मार्गदर्शन करता है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और सत्ता पर नियंत्रण का साधन भी है। न्यायपालिका से लेकर चुनाव आयोग तक कई संस्थाएं संविधान की भावना को लागू करती हैं।तकनीक, अर्थव्यवस्था, वैश्वीकरण और सामाजिक चेतना के तेज़ बदलावों के बीच संविधान एक स्थिर आधार प्रदान करता है। संविधान में समय-समय पर संशोधन की व्यवस्था इसे जीवंत और समय के अनुरूप बनाती है। हाल फिलहाल, सरल शब्दों में यह कहा जा सकता है कि आने वाले समय में हमारे संविधान के सामने कई नई चुनौतियाँ आएँगी-जैसे डिजिटल दुनिया में हमारी निजता की सुरक्षा, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और साइबर अपराध, जलवायु से जुड़ी समस्याएँ, केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल, और समाज में एकता बनाए रखना।भविष्य का भारत संविधान से जुड़ी दो ज़रूरी जिम्मेदारियाँ निभाएगा। पहली, संविधान और उसकी संस्थाओं की रक्षा करना, और दूसरी, समय के अनुसार ज़रूरी बदलाव करना, ताकि लोकतंत्र सबके लिए और बेहतर बन सके। संविधान आगे भी हमें यही सीख देता रहेगा कि देश तभी मजबूत होता है, जब लोग अपनी जिम्मेदारियाँ निभाएँ और सरकार ईमानदारी से काम करे।संविधान दिवस 2025 केवल एक औपचारिकता मात्र नहीं है, बल्कि अपने लोकतांत्रिक सफर का आत्ममंथन करने का अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संविधान की मूल आत्मा- न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता वही है, जो देश और समाज को दिशा देती है। बीते कुछ वर्षों में नागरिकों में संवैधानिक जागरूकता उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। स्कूलों, विश्वविद्यालयों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर संविधान को समझने और उस पर चर्चा करने का माहौल मजबूत हुआ है। हालाँकि, इन उपलब्धियों के बीच कुछ चिंताएँ भी कम नहीं हैं। लोकतंत्र की नींव समझी जाने वाली असहमति की संस्कृति कमजोर होती दिख रही है; अलग राय रखने वालों के प्रति असहिष्णुता बढ़ी है, जिससे संवाद की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और उनके बीच संतुलन पर उठते सवाल यह याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि मजबूत और निष्पक्ष संस्थाओं से चलता है। नागरिकों में अधिकारों के प्रति जागरूकता तो बढ़ी है, लेकिन कर्तव्यों की चेतना उतनी तीव्र नहीं दिखती। राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार व्यवहार और सामाजिक सद्भाव की भावना को जितना विस्तार मिलना चाहिए था, वह अभी भी कहीं न कहीं अधूरा ही है। कुल मिलाकर, संविधान दिवस 2025 हमें यह सिखाता है कि हमने बहुत कुछ पाया है-जागरूकता, तकनीकी प्रगति और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम। दूसरे शब्दों में कहें तो संविधान दिवस हमें यह सिखाता है कि एक देश तभी मजबूत बनता है, जब उसके नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ अपनी जिम्मेदारियों को भी समझें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि यह तो हमारे देश की आत्मा है, जो हमें बराबरी, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के रास्ते पर चलना सिखाता है। संविधान दिवस हमें प्रेरित करता है कि हम लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करें, विभिन्नताओं को स्वीकारें, और राष्ट्र की एकता तथा सामूहिक प्रगति के लिए मिलकर काम करें। यह दिन हमें यह भी समझाता है कि देश का भविष्य तभी सुरक्षित है, जब हम संविधान की रक्षा करें और इसे अपने व्यवहार का हिस्सा बनाएं।सच तो यह है कि भारतीय संविधान हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ विभिन्न जिम्मेदारियों का भी बोध कराता है। पिछले वर्षों में पारदर्शिता और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में प्रगति हुई है, लेकिन संवाद की संस्कृति, संस्थागत निष्पक्षता पर भरोसा और नागरिक कर्तव्यों की भावना जैसी मूल्यवान चीजें कुछ कमजोर पड़ी हैं। संविधान दिवस हमें याद दिलाता है कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जिसे सिर्फ पढ़ने नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता है।संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। नागरिकों का प्रथम कर्तव्य है-संविधान का सम्मान करना और उसके आदर्शों को अपने व्यवहार में अपनाना। हमें राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय प्रतीकों और संस्थाओं का आदर करना चाहिए। कानून का पालन करना, दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना, हिंसा और भेदभाव से दूर रहना भी हमारी जिम्मेदारी है। देश की एकता, अखंडता और सद्भाव बनाए रखना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। इसके साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा करना, सार्वजनिक संपत्ति की देखभाल करना और समाज के हित में सकारात्मक योगदान देना भी संविधान द्वारा बताए गए प्रमुख कर्तव्यों में शामिल है।संक्षेप में, संविधान दिवस हमें सिखाता है कि एक जिम्मेदार नागरिक वही है, जो अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करे। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को व्यवहार में उतारकर ही हम लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं और उसके आदर्शों को सच में प्राप्त कर सकते हैं।

**संविधान दिवस**

# 27 नवंबर 1948 को संविधान का मसौदा राजपत्र में प्रकाशित किया गया था

26 नवंबर, संविधान दिवस और भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में ही 26 नवंबर को संविधान दिवस शासकीय रूप से आयोजित किया जाना का प्रारंभ हुआ है।

1946 में केबिनेट मिशन योजना के आधार तथा भारत स्वतंत्रता अधिनियम 1947 के प्रावधानों के अंतर्गत जुलाई 1946 में संविधान सगा के लिए देश में चुनाव आयोजित हुये थे। प्रारंभ में संविधान सभा के सदस्यों की संख्या 389 थी, किंतु मुस्लिम लीग ने इस सभा में भाग लेने से इंकार कर पाकिस्तान निर्माण के पश्चात इसके सदस्य नहीं रहे थे। 9 दिसंबर 1946 को श्री संच्चीदानंद सिन्हा संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष हुये थे। संविधान सभा में 299 सदस्य थे, जिनमें से 229 सदस्य निर्वाचित हुये थे। वहीं 70 सदस्य मनोनित हुये थे, जिनमें महिला सदस्यों की संख्या 12. अस्पृश्य जाति के 26 सदस्य, आदिवासियों के 33 सदस्य थे।



देश के 214 सामान्य स्थानों में से कांग्रेस पार्टी ने 205 स्थान प्राप्त किये थे, इसके अलावा 4 सिक्ख सदस्यों का भी उन्हें समर्थन प्राप्त था। 2 सितंबर 1946 को संसद के कान्स्टीट्यूशन हॉल में पं. जवाहरलाल नेहरू देश अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री बनाये गये थे, क्योंकि महात्मा गांधी का पं. नेहरू को प्रधानमंत्री पद हेतु नैतिक समर्थन प्राप्त था। महात्मा गांधी और डॉ. अम्बेडकर के 1932 में हुये पूना पैक्ट (सगझौता) के अंतर्गत गहात्मा गांधी ने प्रधानमंत्री पं. नेहरू पर नैतिक दबाव बनाया था कि डॉ. अग्बेडकर को किसी भी तरह संविधान सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होना सुनिश्चित करें। इसप्रकार बम्बई प्रांत की एक सीट के निर्वाचित कांग्रेस सदस्य को त्यागपत्र देकर उक्त सीट से डॉ. अम्बेडकर को संविधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया था। संविधान सभा ने अपना कार्य 1 दिसंबर 1946 से प्रारंभ किया था। 3 दिसंबर 1946 को प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने संविधान के लक्ष्य को संविधान सभा में प्रस्तुत किया था कि भारत एक लोकतांत्रिक संपूर्ण प्रभुत्तसपन्न राष्ट्र होगा। 11 दिसंबर 1946 को संविधान सभा के अध्यक्ष के पद पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद निर्वाचित हुये थे।

संविधान सभा में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ.बी.आर.अम्बेडकर, पं. जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी प्रमुख थे। संविधान सभा की बैठकों में प्रेस एवं जनता को भाग लेने की स्वतंत्रता थी। 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की संविधान सभा पूर्णतः प्रभुत्तासपन्न हो गयी थी। संविधान मसौदा समिति में डॉ. अम्बेडकर, कन्हैयालाल मुंशी, मोहम्मद सादुल्लाह अल्लादी, कृष्णस्वामी अय्यर, गोपालस्वामी अयंगर, एन माधवराव एवं टी.टी. कृष्णामाचारी थे। मध्यप्रांत (छत्तीसगढ़) से संविधान सभा हेतु निर्वाचित सदस्य दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त हिन्दी प्रारूप समिति के अध्यक्ष बनाये गये थे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से पं. रविशंकर शुक्ल एवं बैरिस्टर छेदीलाल संविधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। जबकि छत्तीसगढ़ की 14 रियासतों की ओर से सरगुजा रियासत के दीवान रघुनाथ सिंह, रायगढ़ रियासत से पं. किशोर मोहन त्रिपाठी तथा कांकेर रियासत से राम प्रसाद पोटाई संविधान सभा के सदस्य के रूप में नामजद किये गये थे, जिन्होंने ने 14 जुलाई 1947 को संविधान सभा में स्थान ग्रहण किया था। 29 अगस्त 1947 को संविधान निर्माण के लिए 7 सदस्यों की मसौदा समिति का गठन किया गया था। महात्मा गांधी ने प्रधानमंत्री पं. नेहरू को परामर्श दिया था कि डॉ. अम्बेडकर को संविधान मसौदा समिति (ड्राफ्टिंग कमेटी) का अध्यक्ष बनाया जावे। 30 अगस्त 1947 को मसौदा समिति ने अपनी बैठक में डॉ. अम्बेडकर को ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया था। 27 नवंबर 1948 को संविधान का मसौदा भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया गया था, ताकि लोगों का जानकारी एवं उनके विचार संविधान सभा जान सके। 15 नंवबर 1948 को संविधान के मसौदे के प्रत्येक अनुच्छेद को पढ़कर संविधान सभा में विचार किया जाता था। 17 अक्टूबर 1949 को संविधान राभा में मसौदे के प्रावधानों को दूरारी बार पड़ने और संविधान राभा के रादरयों से विचार जानने का कार्य पूर्ण किया गया था। 4 नवंबर 1949 को संविधान सभा में मसौदे को तीसरी बार पढ़ने और सदस्यों के विचार करने हेतु प्रस्तुत किया गया था। इसप्रकार संविधान मसौदे पर संविधान सभा के 11 सत्रों के 114 दिनों में विचार किया गया था। जबकि भारतीय संविधान का निर्माण 2 वर्ष 11 माह व 17 दिनों में सम्पन्न हुआ था। इस अवधि में संविधान के प्रत्येक भाग एवं अनुच्छेद पर संविधान सभा में विचार और आपत्ति हेतु सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। डॉ. अम्बेडकर द्वारा प्रत्येक आपत्ति एवं विचारों पर उत्तर दिया जाता था। पश्चात लोकतंत्र परम्परानुसार प्रत्येक भाग एवं अनुच्छेद को बहुमत से पारित किया जाता था। संविधान का मसौदा तैयार होने के पश्चात उसे आम जनता की प्रतिक्रियायें जाने हेतु प्रकाशित किया गया था। पश्चात संविधान सभा में 2 हजार संशोधनों पर विचार किया गया था। संविधान में लगभग 90 हजार शब्द है, जो 395 अनुच्छेद, 22 भागों में और 8 अनुसूचियों में विभक्त है। 26 नवंबर 1949 को में ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर ने संविधान के मसौदे को पूर्णरूप से प्रस्तुत कर संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्रप्रसाद को प्रस्तुत किया था। 30 नवंबर 1949 को आरएसएस के मुखपत्र आर्गनाईजर ने लेख लिखा था कि इस संविधान को हम नहीं स्वीकारते है, क्योंकि इसमें मनुस्मृति का उल्लेख नहीं है। जबकि मनुस्मृति मौर्य साम्राज्य के पतन पश्चात दुसरी शताब्दी ईसापूर्व में शुंग सम्राट पुष्पमित्र शुंग के शासनकाल में ब्राम्हण आचार्यों ने इसकी रचना की थी। जिसमें तत्कालीन भारत के सामाजिक संगठन को 4 वर्षों में विभाजित किया था। जिरामें ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य वर्णों में तथा राभी जातियों, जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों को शुद्रवर्ण में विभाजित किया गया था। जिन्हें भूमि हथियार, धन सम्पत्ति, शिक्षा एवं सम्मान से वंचित किया गया था। 20वीं शताब्दी के भारत में 2200 वर्ष प्राचीन काल की सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था को लागू करना अधार्मिक एवं अवैज्ञानिक थी। क्योंकि आचार्य कौटिल्य ने अपने ग्रंथ अर्थशास्त्र में उल्लेखित किया था कि किसी देश की विधि संहिता ही सबसे प्रथम धर्मग्रंथ होता है। 24 जनवरी 1950 को सविधान सभा में संविधान को स्वीकार कर, देश के सभी प्रमुख नेताओं ने संविधान की मूलप्रति पर अपने हस्ताक्षर किये थे। भारतीय संविधान का वास्तविक क्रियान्वयन न्यायपालिका, व्यवस्थापिका, कार्यपालिका, भारत सरकार, सभी राज्य सरकार, सभी राजनीतिक दल एंव सभी नागरिकों के सहयोग से ही भविष्य में वर्गसंघर्ष का निराकरण हो सकता है। अन्यथा आगागी 15-20 वर्षो देश की आबादी 150 करोड़ से अधिक होने पर रोजगार, शिक्षा, आवास, भोजन आदि जटील समस्याओं का निदान संभव नहीं होगा। 26 नवंबर 1949 को संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान मसौदे को प्रस्तुत करते हए।

**डॉ. टी.आर. रामटेके (पीएच.डी. प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व), शोधग्रंथ छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला।**

# सांसों से बढ़कर दुनिया में कुछ है?

**विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस**

**डॉ. प्रितम भीमराव गेडाम**



मनुष्य के जीवन का आधार पर्यावरण है, अगर पर्यावरण सुरक्षित होगा तो ही, जीवसृष्टी का संरक्षण संभव हैं। हमारे आसपास के वातावरण में मौजूद आवश्यक तत्वों की मौजूदगी पर्यावरण का अमूल्य हिस्सा है, जैसे - हवा, पानी, धूप, पहाड़, नदियां, समुद्र, जंगल, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, जमीन, आकाश, धातु, खनिज, हिमखंड व अन्य मिलकर पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर पृथ्वी पर जीवन को संभव बनाते हैं। यह तत्व भी एक-दूसरे के पूरक होते है एवं हमारे जीवन के प्रत्येक गतिविधि पर असर डालते हैं। पर्यावरण हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है, इसकी रक्षा अर्थात मनुष्य जीवन की रक्षा है, परंतु कई बार विकास के नाम पर, भ्रष्टाचार, अपराध, लापरवाही और स्वार्थ के कारण हमारा पर्यावरण बेहद तेजी से बर्बाद हुआ हैं। जिसके कारण जानलेवा बीमारियों ने तेजी से पैर पसारे है और असमय मौत की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धी हुयी हैं। अब बीमारियां उम्र के हिसाब से नहीं बल्कि प्रदूषण और खराब जीवनशैली के हिसाब से होती हैं। आज देश में शुद्ध हवा पानी भोजन और सुख-शांति से जीने के लिए पोषक वातावरण मिलना दुर्लभ हो रहा हैं। इसी समस्या के प्रति जागरूकता हेतु पर्यावरण बचाने के लिए हर साल 26 नवंबर को "विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस" पूरी दुनिया में मनाया जाता हैं।

हमारे देश में पाश्चात्य देशों की तुलना में बहुत अधिक प्रदूषण, लोगों में लापरवाही, अपराधवृत्ति, स्वार्थ और सहने की आदत हैं। हमारे आसपास के छोटे-छोटे देश भी पर्यावरण के संरक्षण में हमसे आगे है, उदाहरण के लिए भूटान देश अपने प्राकृतिक सौंदर्य को बेहतर ढंग से संजोकर आगे बढ़ रहे है, जिसका असर वहां के नागरिकों के सेहत पर भी नजर आता हैं। विकसित राष्ट्रों में सख्त नियम-कानून का कड़ाई से पालन किया जाता है, ताकि पर्यावरण को नुकसान न हों, पर्यावरण संरक्षण के प्रति वहां सरकार सख्ती से पेश आती है और जनता को भी परेशानी न हों, उसका भी खास ख्याल रखा जाता है, संभावित विविध पर्यायों का क्रियान्वयन किया जाता हैं। ऐसे माहौल में जनता भी सरकार के पर्यावरण और स्वास्थ्य पूरक बेहतर कार्यों में पूरा सहयोग देती है, इसके मुकाबले हम आज भी बहुत पिछड़े हुए नजर आते है, जीवन के लिए सबसे आवश्यक शुद्ध वातावरण है, लेकिन हम आज भी पर्यावरण को खराब करने पर तुले हुए हैं। जागरूकता केवल दिन विशेष पर और दिखावे के लिए की जाती है, ऐसा अक्सर प्रतीत होता हैं। हमारे शहरों से बहने वाली अधिकाधिक नदियों का स्वरूप नालों की भांति नजर आता है, अरबों रुपये खर्च कर नदियों के स्वच्छता के दावो की सच्चाई भी हम देखते है, भ्रष्टाचार और लीपापोती का साम्राज्य पर्यावरण को तेजी से बर्बाद कर रहा हैं। स्विस कंपनी आयक्यूएअर द्वारा जारी वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 में भारत को दुनिया का पांचवा सबसे प्रदूषित देश बताया गया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी हैं। दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 और शीर्ष 20 में से 13 शहर भारत में हैं। हाल ही के अध्ययन अनुसार, एयर पॉल्यूशन से भारत में हर साल 1.7 मिलियन से 2 मिलियन लोगों की मौत होती हैं। स्टेट ऑफ़ ग्लोबल एयर 2025 रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में करीब 2 मिलियन मौतें और 2022 की लैंसेट रिपोर्ट के मुताबिक 1.7 मिलियन से ज्यादा मौतों का अंदाज हैं। आउटडोर और इनडोर एयर पॉल्यूशन की वजह से दिल की बीमारी, स्ट्रोक और सीओपीडी जैसी नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों से होने वाली मौतें होती हैं। इसी प्रकार जल प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, मृदा प्रदूषण और अस्वच्छता के कारण बड़ी मात्रा में असमय मासूम जिंदगियां छीन जाती है, साथ ही बीमारियों का जंजाल तन-मन के साथ-साथ जीवन के हर स्थिति पर गंभीर आघात करता हैं। रेडियोधर्मी प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, तापीय प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण हमें मौत के आगोश में धकेलता हैं। हमारे देश में जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक ये व्यवस्था नहीं सुधरेंगी। पर्यावरण के रक्षा के लिए स्वार्थ और लालच छोड़कर अनमोल जीवन की कीमत समझनी होंगी। अनाज के लिए हानिकारक रसायनों के उपयोग को खत्म करके जैविक खेती को अपनाना समय की मांग है, हम अपने आसपास रोज पर्यावरण और स्वास्थ्य प्रणाली को नुकसान पहुंचानेवाले घटनाओं को देखते है, लेकिन ऐसी समस्याओं पर अधिकतर लोग अपने कर्तव्य को निभाने की कोशिश भी नहीं करतें। आवश्यकता, मांग के नाम पर शहरों से जमीन गायब होकर सीमेंट में तब्दील हो रही है, पनपने के लिए पर्याप्त मिट्टी न होने के कारण शहरों में पेड़ कम हो रहे है, बरसात के मौसम में हल्की हवा से बचे हुए चंद पेड़ भी सड़कों पर उखड़कर गिर जाते हैं। बारिश का पानी सोखने के लिए शहरों में जमीन नजर नहीं आती। जल्द ही अकाल या बाढ़ की स्थिति बन जाती है, तापमान लगातार बढ़ रहा है, ऋतुओं का चक्र बिगड़ रहा है, जिससे लगातार फसलों को नुकसान पहुंचता है, मानवीय शरीर कमजोर हो रहा हैं।

अक्सर देखते है कि, सड़कों पर नल का पानी बहता है, दिन में सड़कों के पथदीप शुरू रहते है, लोग बेखौफ सड़कों के किनारे कचरा फेंकते है, खुले में कचरा जलाते है, राह चलते थूकते जाते हैं। प्रतिबंधित प्लास्टिक का धड़ल्ले से उपयोग होता है, कारखानों का घातक रासायनिक जल खुले में या खेतों में छोड़ा जाता है, नदियों में कचरा डालते है, बायोमेडिकल कचरा और यांत्रिकी कचरे का योग्य पद्धति से निपटान नहीं करते है, सीमित प्राकृतिक संसाधनों और ईंधन का अत्यधिक प्रयोग पर्यावरण के साथ संपूर्ण जीवसृष्टि के लिए खतरा बन रहा हैं। अस्वच्छता के कारण बीमारियों का साम्राज्य भी चरम पर होता हैं। अपशिष्ट के पुनर्चक्रण प्रणाली को गति नहीं मिल रही। बिना डर के मिलावटखोरी चलती है, अधिकतर बस्तियों, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी का आलम बरकरार दिखता हैं। लोगों को आँगन में पेड़ की जगह एक अधिक कमरा चाहिए, हर तरफ सड़कों, गलियों में अतिक्रमण नजर आता हैं। पर्यावरण को बचाने और अपनी सेहत को स्वस्थ रखने के लिए हम जितना संभव हो सके पैदल चलकर, साइकिल चलाकर या सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करके कार्बन फुटप्रिंट कम कर सकते हैं। घरों या संस्थानों में ग्रीन ऊर्जा का प्रयोग कर सकते है, पुनर्चक्रण के द्वारा वस्तुओं का फिर से इस्तेमाल कर सकते हैं। प्लास्टिक के बजाय उसके अन्य पर्याय पर ध्यान दें, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक प्रयोग से बचें। बचे हुए खाद्य को फेंकने के बजाय उनसे कम्पोस्ट बनाएं और सस्टेनेबल सोर्स से बने प्रोडक्ट, इको-फ्रेंडली सफाई प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, स्वच्छता भागीदारी बढ़ाएं, अधिकाधिक पेड़ लगायें।

मनुष्य अपनी असीमित आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्यावरण के रक्षा के बजाय उसका दोहन कर रहा हैं। मनुष्य से बेहतर तो पशु-पक्षी, जानवर, जीव-जंतु है, जो प्रकृति को बचाने में अनमोल भूमिका निभाते हैं। हमें अपना आलस और स्वार्थ छोड़कर पर्यावरण की रक्षा और अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी बखूबी निभानी होंगी, यह सुन्दर, स्वच्छ, अनुकूल पर्यावरण बचेगा, तभी हम पृथ्वी पर आराम से जी पायेंगे, यह सच्चाई सबने समझनी होंगी। जैसे प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से हमेशा देती जाती है, उसी प्रकार हमें भी उसका ख्याल रखना जरुरी बन जाता हैं। पैसों से हम सांसे नहीं खरीद सकते, जीवनावश्यक संसाधनों की पूर्ति प्रकृति द्वारा ही होती हैं। मनुष्य पर्यावरण से छेड़छाड़ करने से बचें, वरना प्रकृति अपना विनाशकारी रौद्र रूप दिखा ही रही हैं। जो वस्तु हमें सहज उपलब्ध होती है, जैसे - शुद्ध हवा, पानी, सूर्यप्रकाश, पोषक भोजन, पेड़-पौधे, हरियाली पर प्रत्येक मनुष्य, प्राणी, जीवजंतु का समान अधिकार है, इसे दूषित नहीं करना, बल्कि इसका संरक्षण करना हैं।

# कांकेर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में 10 लाख का जोनल टेंडर विवाद

- बाहरी ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के मकसद से नियम लगा कर स्थानीय ठेकेदार को कर दिया गया रिजेक्ट
- इंजीनियर अनिवार्यता के नियम पर ठेकेदारों ने उठाए सवाल, अन्य जिलों से तुलना पर बढ़ी नाराजगी

**कांकेर,26 नवंबर।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग आरईएस द्वारा जारी किए गए 10 लाख रुपये के जोनल विद्युतीकरण टेंडर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कोयलीबेडा, चारामा और नरहरपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पंचायतों में विद्युतीकरण कार्यों के लिए लगाए गए इस जोनल टेंडर में इंजीनियर होना अनिवार्य कर दिया गया है। ठेकेदारों का कहना है कि यह नियम अव्यवहारिक, अनावश्यक और विभागीय मनमानी का उदाहरण है, क्योंकि गांवों में होने वाले ये कार्य सामान्यतः 3 लाख से कम राशि के होते हैं और इनमें इंजीनियर की आवश्यकता ही नहीं होती।

ठेकेदारों ने बताया कि विद्युत कार्य के लिए ऊर्जा विभाग औपचारिक रूप से लाइसेंस जारी करता है और तार मिस्त्री परीक्षा पास करने के बाद ठेकेदार खुद बी-वर्ग का रजिस्ट्रेशन ले सकते हैं। ऐसे में जो ठेकेदार स्वयं लाइसेंसीकृत तार मिस्त्री हैं, उन्हें किसी इंजीनियर की आवश्यकता नहीं पड़ती। फिर भी ऋश्वस विभाग ने अचानक इंजीनियर अनिवार्य करके स्थानीय छोटे ठेकेदारों को टेंडर प्रक्रिया से बाहर करने का रास्ता बना दिया है। इस नियम से नाराज ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि कांकेर के कार्यपालन अभियंता विजय कुमार माड़वे और तकनीकी कर्मचारियों ने जानबूझकर ऐसा प्रावधान लागू किया, ताकि बाहरी ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया जा सके। आरोप यह भी है कि कुछ ठेकेदारों के साथ साठगांठ कर यह नियम तैयार कराया गया ताकि टेंडर खोलने के समय स्थानीय ठेकेदारों को डिस्क्वालिफाई किया जा सके।

ठेकेदारों के अनुसार शेष जिलों में ऋश्वस के जोनल टेंडर में इंजीनियर की कोई अनिवार्यता नहीं होती है। लेकिन केवल कांकेर जिले में अलग तरह के नियम लागू किए गए हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब इस संबंध में कार्यपालन अभियंता से पूछा गया कि कांकेर में ही ऐसा नियम क्यों बनाया गया है, तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इससे स्थानीय ठेकेदारों की शंका और गहरी हो गई है कि विभागीय स्तर पर कोई विशेष लाभ पहुंचाने की मंशा से नियम लागू किए गए हैं। ठेकेदारों ने यह भी कहा कि पंचायत क्षेत्र में होने वाले छोटे-छोटे विद्युतीकरण कार्य इंजीनियर की निगरानी के बिना भी आसानी से किए जा सकते हैं, क्योंकि इसके लिए वैध तकनीकी योग्यता तार मिस्त्री लाइसेंस के रूप में निर्धारित है। फिर भी विभाग द्वारा इंजीनियर अनिवार्य कर देना नियमों, वास्तविक जरूरतों और व्यावहारिकता के विरुद्ध है। इस नियम के कारण कई स्थानीय पात्र ठेकेदारों को टेंडर से बाहर कर दिया गया है, जिससे जिले के भीतर असंतोष तेजी से बढ़ रहा है स्थानीय ठेकेदारों ने शासन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि कांकेर जिले में लागू किए गए इस विवादित प्रावधान की जांच कराई जाए और टेंडर शर्तों को अन्य जिलों की तरह सामान्य और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि स्थानीय युवाओं, तकनीकी दक्ष लोगों और पंजीकृत ठेकेदारों को उनका उचित हक मिल सके। सूत्रों के अनुसार यह मामला जल्द ही जिला स्तर पर शिकायत के रूप में भेजा जा सकता है, जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया पर बड़ा निर्णय हो सकता है। फिलहाल पूरा मामला कांकेर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक नजर

### गैस सिलेंडर से लगी आग से घर के 5 सदस्य झुलसे



**जगदलपुर, 26 नवंबर।** बस्तर जिले के बड़ाजी थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम कोंडालूर में बीती रात को एक घर में अचानक से गैस सिलेंडर गैस रिसाव से घर में आग लग जाने से वहां मौजूद 5 सदस्य झुलस गए। जिन्हें डायल 112 की मदद से उपचार के लिए मेकॉज लाया गया, जहां सभी का इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार कोंडालूर गांव मे रात में परिवार के लोग खाना बना रहे थे, इसी दौरान घर में रखा गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव हो गया। जिससे देखते ही देखते घर में आग फैल गई। घर के सदस्य एक दूसरे को बचाने के कोशिश में झुलस गए। आग के फैलते ही वहां चीख-पुकार मच गई। जिसे सुनकर आस-पास के लोग वहां पहुंचकर तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद डायल 112 की टीम भी मौके पर आ पहुंची। किसी तरह से झुलसे सभी 5 सदस्यों को बाहर निकाला गया और उन्हें उपचार के लिए मेकॉज लाया गया, जहां सभी घायलों का उपचार जारी है।

### संविधान की प्रस्तावना पढ़कर मनाया गया भारतीय संविधान दिवस



**कोंडागांव,26 नवंबर।** जिला मुख्यालय कोंडागांव के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक प्रतिमा स्थल पर सर्व अनुसूचित जाति वर्ग एवं जनजाति पिछड़ा वर्ग व धार्मिक अल्पसंख्यक समाज जिला कोंडागांव के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया इस मौके पर डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी एवं धँसराज टंडन अध्यक्ष सर्व समाज कोंडागांव, संरक्षक आरके बंजारे, बालसिंह बघेल, रमाकांत महाजन, तरुण नाग यूएल मारकंडे, वीरेंद्र बघेल, सानू मारकंडे, नरेंद्र मारकंडे, चमन वर्मा, डिकेश मिर्झा, पीएल ठावरे , रितेश कोर्राम,एआर सोनपिपरे, प्रेमराज डहरिया, दिनेश वट्टी, जगदेव सोनवानी, लखराज टण्डन, सतीश सहित समाज प्रमुखगण उपस्थित रहे। इस मौके पर उपस्थित समस्त अतिथियों ने बारी बारी से बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर एवं भारतीय संविधान की व्याख्या की गई।

### एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की समय-सीमा 30 नवंबर तक बढ़ी

**जगदलपुर, 26 नवम्बर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के डूबान क्षेत्र सहित वन पट्टाधारी और शेष कृषकों के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन की समय-सीमा में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। उक्त पंजीयन 30 नवंबर 2025 तक होगी। विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में कैरी फारवर्ड, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन की कार्यवाही हेतु अतिरिक्त समय का प्रावधान 30 नवंबर 2025 तक समस्त समितियों में समिति लॉगिन पर उपलब्ध करवाने कहा गया है। इससे पहले कृषकों के कैरीफारवर्ड, नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही हेतु अतिरिक्त समय का प्रावधान तहसील लॉगिन में 25 नवंबर 2025 तक के लिए किया जा रहा था। कलेक्टर श्री हरिस एस ने बताया कि शासन के निर्णयानुसार एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की समय-सीमा 30 नवंबर तक बढ़ाते हुए किसानों को राहत प्रदान की गई है। इस नवीनतम समय विस्तार से विशेष तौर पर डूबान और वन पट्टाधारी कृषकों को पंजीयन कराने और अपने फसल रकबे में संशोधन करने के लिए आवश्यक समय मिल जाएगा।

### संविधान दिवस पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन



**जगदलपुर, 26 नवम्बर ।** संविधान दिवस के अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय परिसर में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने संविधान निर्माताओं के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व के सबसे सशक्त और समावेशी संविधानों में से एक है, जो प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है और राष्ट्र को एकता व अखंडता के सूत्र में पिरोता है। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मचारियों से संविधान के मूल्यों- न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का पालन करने का आग्रह किया।

संविधान वाचन के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने संवैधानिक मूल्यों को अपने कार्यों और आचरण में उतारने का संकल्प लिया। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर श्री बीएस सिदार एवं गीता रायस्त सहित कमिश्नर कार्यालय और कोष-लेखा एवं पेंशन, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिस पर ईश्वर की कृपा वही सुनता है श्रीमद् भागवत की पावन कथा



**तिल्दा नेवरा,26 नवंबर।** जिनके ऊपर भगवान की असीम कृपा होती है, वही व्यक्ति श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने का परम सौभाग्य प्राप्त करता है। श्रीमद्भागवत कथा का सुनना तो स्वयं देवराज इंद्र को भी नसीब नहीं हुआ था – इतनी दुर्लभ और पवित्र है यह कथा। जो व्यक्ति श्रद्धा, प्रेम और भक्ति भाव से कथा श्रवण करता है, उसके जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं ।

भक्ति ऐसी होनी चाहिए जैसी मीराबाई की थी – अडिग, निष्कपट और पूर्ण समर्पण से भरी हुई। मीराबाई ने अपने जीवन में भक्ति का वह आदर्श स्थापित किया, जो आज भी हर भक्त के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने संसार की किसी भी बात की परवाह नहीं की, क्योंकि उनके लिए तो केवल एक ही सत्य था – श्रीकृष्ण प्रेम। जब संपूर्ण जगत उन्हें रोकने लगा, जब परिवार और समाज ने उनके मार्ग में बाधाएँ डालीं, तब भी मीराबाई का विश्वास कभी नहीं डगमगाया।भगवान हर पल हमारे साथ हैं – वे हमारे दुःख-सुख के साक्षी हैं। जब हम किसी कठिनाई में होते हैं, तब भी भगवान हमारी चिंता करते हैं, हमारे जीवन को सही दिशा देने का प्रयास करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि इस जगत में जो कुछ भी है, वह सब मैंने बनाया है। पर्वत, नदियाँ, वृक्ष, पशु, पक्ष।

## स्वयंसेवी शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**गीदम, 26 नवंबर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत गीदम एवं हाउरनार संकुल के स्वयंसेवी शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वयस्क एवं नवसाक्षर सीखने वालों के लिए प्रभावी शिक्षण पद्धतियों, मूल्यांकन प्रणाली एवं व्यवहारिक गतिविधियों को अधिक परिणामकारी बनाना रहा। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों ने शिक्षकों को साक्षरता के विभिन्न घटकों–जैसे बेसिक रीडिंग-राइटिंग, संख्यात्मक ज्ञान, डिजिटल साक्षरता तथा जीवन कौशल–पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षकों ने शिक्षण में नवाचार तथा स्थानीय संदर्भ आधारित सामग्री के उपयोग पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी स्वयंसेवी शिक्षकों को समूह चर्चा, प्रेजेंटेशन, रोल-प्ले एवं गतिविधि-आधारित सीखने के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और सभी शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज की। अंत में संकुल समन्वयक योगेश सोनी व नितिन झा ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने सभी स्वयंसेवी शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की और आगे भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## एनसीसी ने पहली बार चीन के माओ की तस्वीर के साथ जारी पर्चे में भूपति व रूपेश को बताया गद्दार

**जगदलपुर, 26 नवंबर ।** नक्सलियों के उत्तर तालमेल कमेटी (एनसीसी) द्वारा पहली बार चीन के माओं की तस्वीर एवं अन्य नक्सलियों की तस्वीर के साथ जारी पर्चे में आत्मसमर्पित नक्सली वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू उर्फ भूपति और सतीश उर्फ रूपेश को गद्दार बताया गया है इसके साथ ही सुअर जैसे शब्दों का इस्तेमाल भी किया है। इस बुकलेट में नक्सल संगठन ने लिखा है कि गद्दार वेणुगोपाल को मिट्टी में गाढ़ दो। हार से सबक सीखने के बाद जीत मिलती है। आत्मसमर्पण के बाद सोनू की मुस्कुराते हुए तस्वीर के पीछे नक्सल संगठन का भारी गुस्सा है।

नक्सलियों के इस बुकलेट में लिखा है कि, वेणुगोपाल उर्फ सोनू जब तक संगठन में था, तब तक वह हीरो बनकर रहा। तब उसके पास पार्टी समर्थकों का बड़ा आधार था। जब पार्टी के सामने मुश्किल समय आया तो उसने अपना आपा खो दिया। सोनू लोगों का दोस्त नहीं है, दुश्मन है। लंबे समय तक वह दंडकारण्य के क्रांतिकारी जनता के पीछे छिपा रहा। जिन्होंने न केवल उसकी रक्षा की बल्कि उसकी हर एक जरूरत भी पूरी की। सालों तक पार्टी और जनता ने सोनू पालन-पोषण किया। वह इसलिए नहीं मारा क्योंकि संगठन के बहुत से लड़ाकों ने अपनी जान दांव पर लगाकर एक ऐसे आदमी की रक्षा की, जो क्रांतिकारी के भेष में दुश्मन था। आत्मसमर्पण वाले दिन सोनू ने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुख्यमंत्री को अपनी एके-47 सौंपी। हथियार सौंपते हुए वह मुस्कुरा रहा था। यह तस्वीर बड़े पैमाने पर प्रचारित की गई। सोनू के मुस्कुराहट की जो तस्वीर दिख रही है ये बुनियादी रूप में देश और दुनिया में क्रांतिकारी कम्युनिस्ट खेमें और नक्सल संगठन के लोगों के बीच में गुस्सा पनप रहा है। नक्सलियों ने कहा कि कुछ समय पहले से ही सोनू राज्य के साथ था। पार्टी में रहते हुए वेणुगोपाल उर्फ सोनू ने पार्टी को कमजोर करने की कोशिश की वह हताश हो गया। अपने कुछ लोगों के साथ जाकर उसने हथियार डाल दिए। नक्सलियों ने सोनू के लिए सुअर जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। कहा कि सोनू ने दंडकारण्य में जन हथियारबंद आंदोलन को कुचलकर सरकार के सामने घुटने टेक दिए। जब सोनू की बात पार्टी ने नहीं मानी तो वो सैंट्र सतीश उर्फ रूपेश के पास गया। रूपेश भी सोनू की बात मान लिया। सोनू ने माओवादी पार्टी को बचाने की बजाय पार्टी को विघटित किया है। दोनों ने सरकार के सामने हथियार डाल दिए। सोनू की पत्नी पहले ही आत्मसमर्पण कर चुकी थी। वहीं वह भी बड़ा घर पाने और पैसे के लालच के साथ ही खुशहाल जिंदगी जीने के लिए सरेंडर कर दिया। नक्सल संगठन ने सोनू की तुलना नक्सलबाड़ी आंदोलन के सत्यनारायण के साथ की और उसे गद्दार बताया है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर महीने में 2 दिन के अंदर ही आत्मसमर्पित नक्सली लीडर वेणुगोपाल और रूपेश समेत 271 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए थे। छत्तीसगढ़ से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पोलित ब्यूरो मेंबर मोजुल्ला वेणुगोपाल उर्फ भूपति उर्फ सोनू दादा समेत 60 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था । यह छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में मोस्ट वांटेड था। इस पर डेढ़ करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। भूपति ने 3 दंडकारण्य क्षेत्रीय समिति के सदस्य और 10 संभागीय समिति के सदस्यों सहित 60 नक्सलियों के साथ आत्मसमर्पण किया था। गढ़चिरौली पुलिस को 54 हथियार सौंपे, इनमें 7 एके-47 और 9 इंसास राइफलें सहित अन्य हथियार शामिल हैं। भूपति के आत्मसमर्पण के ठीक बाद नक्सली रूपेश अपने करीब 150 साथियों के साथ जंगल से निकलकर आत्मसमर्पण करने पहुंचा था। इससे पहले कांकेर में करीब 60 से 70 नक्सली अलग-अलग दिन आत्मसमर्पण किए थे। जगदलपुर में 210 नक्सलियों का एक साथ आत्मसमर्पण करवाया था।

## जर्जर आदिवासी सामाजिक भवन के सुधार कार्य के लिए राशि की मांग



**डोंगरगढ़, 26 नवंबर।** नगर के बधियाटोला में सर्व आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा समाज के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान पहुंचे सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल के समक्ष जर्जर समाजिक भवन के सुधार कार्य व भवन में नवीन शौचालय के निर्माण को लेकर लोकप्रिय सांसद संतोष पांडे को अवगत कराते हुए निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत कराने को लेकर मांग पत्र सौंपा गया है। मांगपत्र में उल्लेख है कि धार्मिक नगरी के बधियाटोला में काफी पुराना सामाजिक भवन है, जिसमें समय समय पर कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम किये जाते है। चूंकि यह भवन काफी पुराना हो चुका है जिसे मरम्मत कराने की आवश्यकता है वहीं भवन में शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण माता, बहनों, बच्चो तथा बुजुगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस विषय को गंभीरता से विचार कर भवन मरम्मत कार्य के लिए 5 लाख और स्थाई शौचालय के निर्माण के लिए 3 लाख रूपये की राशि की स्वीकृति सांसद निधि से प्रदान किया जाए। वहीं सामाजिक लोगों द्वारा बताया गया कि भवन में पानी की भी कोई व्यवस्था नही है, कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम होने पर पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है, जिसके लिए 1 बोरिंग की स्वीकृति प्रदान किया जाए जिससे पानी की समस्या से समाज को छुटकारा मिल सके, हमारे आराध्य बुढ़ादेव जिनकी प्रतिमा कई वर्षो से खुली आसमान के नीचे रखी गई है, उसके लिए शेड़ निर्माण के लिए 5 लाख की मांग समय समय पर कई जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज से श्रीमति कान्ती बाई नेताम अध्यक्ष गोंडवाना समाज डोंगरगढ़, उपाध्यक्ष रामसुख कुंजाम,कोषाध्यक्ष गया बाई कुंजाम,सचिव गणेश राम उइके श्रीमति बिन्ती बाई,सविता बाईकान्ति बाई मरकाम,शिवबती बाई,सुमित्रा वाई, रुखमणी बाई, कौशिल्या बाई फगनी बाई,नारद नेताम,सदाराम नेताम,शारदा नेताम,गुलाब उइके,मिलाप राम उईके,जनक राम मरकाम,दिलीप मरकाम,छगन लाल कतलाम, दशरु मण्डावी,हिरालाल नेता मपंचूराम नेताम,जगतसिंग मरकाम,मिलाप राम उइके,पंचूराम नेताम, शारदा नेताम, दिलीप मरकाम,सुरेश कुंजाम,राकेश उईके,कुंजाम रामसुख कुंजाम,दशरू मंडावी,हरिचंद मरकाम, गुलाबराम उईके सहित सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### कमिश्नर ने अवैध धान की आवक रोकने के लिए बनी जांच चौकी धनपूंजी का किया निरीक्षण



**जगदलपुर, 26 नवम्बर।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने मंगलवार को बस्तर जिले के धनपूंजी में अवैध धान के आवक को रोकने स्थापित अंतरराज्यीय जांच चौकी का आकस्मिक निरीक्षण किया और सीमावर्ती ओडीसा राज्य से अवैध धान के आवक एवं परिवहन के नियंत्रण हेतु सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने धान खरीदी केन्द्र नगरनार का जायजा लिया और धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने कहा।कमिश्नर ने धनपूंजी में स्थापित अंतरराज्यीय जांच चौकी में रोस्टर अनुसार ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों की ड्यूटी के बारे में जानकारी ली और सजगता के साथ नियमित तौर पर अवैध धान के परिवहन पर निगरानी रखे जाने निर्देशित किया कि मालवाहक वाहनों तथा अन्य वाहनों की भी बारीकी से जांच किया जाए। विशेष रूप से रात्रि में वाहनों की सघन जांच कर अवैध धान के आवक को रोकने के लिए प्रभावी पहल करें। इसके साथ ही अलसुबह भी वाहनों की सघन जांच किया जाए। उन्होंने जांच चौकी में ड्यूटी से अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी कर सम्बंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने धान खरीदी केन्द्र नगरनार में किसानों को टोकन की उपलब्धता, धान तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, बारदाने की उपलब्धता, पेयजल की व्यवस्था इत्यादि के बारे में पूछा और किसानों को धान खरीदी के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों की सहूलियत के लिए उनके विश्राम करने के लिए छायादार स्थल सहित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने कहा। इस दौरान अवगत कराया गया कि नगरनार धान खरीदी केंद्र में कुल 371 पंजीकृत किसान हैं और वर्तमान में 20 हजार नए बारदाने एवं 15 हजार पुराने बारदाने उपलब्ध है। इस खरीदी केन्द्र में सात किसानों ने 26 नवम्बर को करीब 370 क्विंटल धान विक्रय करने के लिए टोकन कटवाया है। ज्ञात हो कि शासन की समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत जिले में अब तक 58 धान खरीदी केन्द्रों द्वारा 27 हजार 622 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

### छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद का 27 नवंबर को जिला प्रवास

मोहला 26 नवंबर । छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू राम निषाद कैबिनेट मंत्री दर्जा, उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांति वर्मा राज्य मंत्री दर्जा, सचिव श्री संकल्प साहू तथा सहायक अनु.अधि. श्रीमती अनिता डेकाटे 27 नवंबर 2025 को जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के प्रवास पर रहेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के तहत आगमन रेस्ट हाउस में होगा, जिसके पश्चात दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा बैठक के पश्चात दोपहर 3 बजे रेस्ट हाउस सभाकक्ष में पिछड़ा वर्ग जनप्रतिनिधियों के साथ भेंट एवं चर्चा का कार्यक्रम होगा। जहाँ जनप्रतिनिधियों के सुझावों, मांगों और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। शाम 4.30 बजे रेस्ट हाउस सभाकक्ष में प्रेसवार्ता आयोजित की जाएगी।

## किसानों की मेहनत की पूरी-पूरी कीमत चुका रही है साय सरकार

कांकेर, 26 नवम्बर । किसानों के खेतों की मेहनत और फसलों की रंगत अब धान खरीदी केंद्रों में दिखने लगी है। पिछले छह माह में बीज से पौधे व पौधों से तैयार हुई धान की बालियों की पूरी-पूरी कीमत अपने श्रमवीर किसानों को प्रदेश सरकार चुका रही है। गत वर्ष की भांति वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में भी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से छत्तीसगढ़ सरकार कृषकों से धान का क्रय कर रही है, जिसकी झलक उनकी संतुष्टि और मुस्कान के पीछे देखी जा सकती है। जिले के नरहरपुर विकासखंड के ग्राम रामपुर निवासी किसान श्री राधेश्याम साहू ने अपनी मेहनत और लगन से बेहतर उपज प्राप्त कर इस वर्ष चवांड़ धान उपार्जन केन्द्र में 23 क्विंटल धान बेचा है। किसान श्री साहू ने बताया कि उनकी 1.20 एकड़ कृषि भूमि में परंपरागत तरीके से धान की फसल ली जाती है। उन्होंने बताया कि उनके तीन सदस्यीय परिवार में पत्नी खेती-किसानी में हाथ बंटाती हैं, वहीं उनका पुत्र राजमिस्त्री का कार्य कर परिवार का सहयोग करता है।किसान श्री राधेश्याम साहू ने कहा कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी ने किसानों को बड़ी राहत दी है। समय पर खरीदी, सुविधाजनक व्यवस्था और किसानों की मेहनत का उचित दाम मिलने से जीवन में खुशहाली आई है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा- ÷धान बेचकर प्राप्त पैसे से अपने परिवार की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने के साथ खेती को और बेहतर व उन्नत बनाने की कोशिश रहेगी।÷ इस प्रकार राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहलाने वाली कृषि और किसानों के अथक परिश्रम का मूल्य देने में छत्तीसगढ़ सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। प्रदेश के किसानों के चेहरे पर आत्मसंतुष्टि और मुस्कान लाने सरकार का भगीरथ प्रयास सफल हो रहा है।

### पोस्ट ऑफिस का आधार शिविर 29 को केंद्रीय विद्यालय में

**कोंडागांव।** पोस्ट ऑफिस कोंडागांव के द्वारा केंद्रीय विद्यालय में दिनांक 29/11/2025 को आधार नामांकन सुधार शिविर का आयोजन किया जाना है एवं साथ ही साथ नए आधार कार्ड बनाये जाएंगे यह शिविर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के आदेश के तहत उप-संभागीय निरीक्षक डाक श्री आर. एस.मिश्रा एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव श्री शेख रूहुल ताज के मार्गदर्शन में सम्पन किया जाना है।

### उपार्जन केन्द्रों में कृषकों के अनिवार्यतः फोटो लेने, रकबा समर्पण के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा, 26 नवंबर ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी किसानों से प्राथमिकता से टोकन काट कर खरीदी किए जाए। इसके अलावा कृषकों के गेट पास और सभी किसानों के अनिवार्यतः फोटो भी लेना सुनिश्चित करें। ताकि वास्तविक किसान की ही धान खरीदी की जा सके। उन्होंने धान खरीदी के लिए अनावरी रिपोर्ट को समितिवार और ग्राम वॉर एंट्री करने कहा गया ।

## अब तक 51 हजार 555 टन से अधिक धान की खरीदी, सभी केंद्रों में सुचारू व्यवस्था



**महासमुंद 26 नवंबर ।** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सुचारू गति से जारी है। आज खरीदी का 10वां दिन है और कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में निर्बाध एवं पारदर्शी तरीके से धान खरीदी की जा रही है।जिला खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 130 समितियों के अंतर्गत 182 उपार्जन केंद्र संचालित हैं। आज दिनांक तक सभी उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों से 50,502.96 टन धान की खरीदी की जा चुकी है तथा आज 26 नवम्बर को 1052.08 टन की खरीदी की जाएगी। खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधाओं, तौल व्यवस्था एवं सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता में रखते हुए, सुगम प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने धान खरीदी कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सभी नोडल अधिकारियों को सघन निगरानी के निर्देश दिए हैं। नोडल अधिकारी प्रतिदिन आबंटित अपने-अपने उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर रहे हैं। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए, राज्य सरकार की धान खरीदी नीति के 29 बिंदुओं की चेक लिस्ट के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियों तौल-कांटा व्यवस्था, बारदाना एवं गोदाम सुविधा, पेयजल और बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा और अनुशासन, धान की गुणवत्ता जांच को सख्ती से सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, किसानों को बिना किसी बाधा के टोकन के अनुसार समय पर तुलाई के लिए बुलाया जा रहा है। साथ ही, परिवहन, भंडारण और तुलाई की प्रत्येक प्रक्रिया की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर ने कहा है कि धान खरीदी कार्य राज्य सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### संघर्ष, मेहनत और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी: पद्मश्री आनंद कुमार

# कठिनाइयां ही इंसान को मजबूत बनाती हैं: ओपी चौधरी

**रायगढ़, 26 नवम्बर।** युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, प्रेरणा और सुनियोजित कैरियर निर्माण के उद्देश्य से प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी के विशेष पहल पर आज पुसौर में भव्य कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद तथा सुपर-30 के संस्थापक पद्मश्री श्री आनंद कुमार ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सरकार युवाओं के भविष्य निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जीवन में बड़ी सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत अत्यंत आवश्यक हैं। कठिनाइयाँ ही इंसान को मजबूत बनाती हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन के संघर्षों तथा सरकारी स्कूल से कलेक्टर और मंत्री बनने की प्रेरक यात्रा साझा करते हुए



कहा कि मेहनत, निर्णय शक्ति और समय के सही उपयोग से कोई लक्ष्य असंभव नहीं। उन्होंने बताया कि केवल डिग्री को महत्व देना पर्याप्त नहीं, बल्कि लक्ष्य आधारित पढ़ाई, दृढ़ संकल्प और परिस्थितियों को स्वीकार कर आगे बढ़ना ही सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने विराट कोहली के कठिन समय में अद्भुत समर्पण का उदाहरण देकर समझाया कि कठिनाइयाँ जीवन में ऊँची छलांग लगाने की तैयारी करवाती हैं। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि अपनी क्षमता पहचानें और उसके अनुसार करियर चुनें। योजना बनाकर, धैर्य और परिश्रम के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ें।

छात्रों को संबोधित करते हुए श्री आनंद कुमार ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने वाला व्यक्ति जीवन में अवश्य सफल होता है। उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन की प्रेरक यात्रा साझा करते हुए बताया कि पिता के निधन के बाद उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ा, पापड़ बेचने पड़े और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में चयन होने के बावजूद वे आर्थिक परिस्थितियों के कारण नहीं जा सके। उन्होंने कहा कि सुविधाओं का अभाव सफलता में बाधा नहीं, बल्कि संघर्ष करने की प्रेरणा है। जो भी काम करो, उसे सर्वश्रेष्ठ तरीके से करो, मेहनत में कमी मत आने दो। उन्होंने सुपर-30 के विद्यार्थियों अभिषेक राज, शशि नारायण और निधि झा जैसी सफल प्रेरक कहानियाँ उदाहरण स्वरूप साझा कीं। उन्होंने कहा कि अवसरों की कमी का रोना न रोएँ, बल्कि अवसर स्वयं बनाएँ। संघर्षों को सफलता की सीढ़ी बनाएँ। अंत में उन्होंने कहा कि जीवन में बड़ा बनने के लिए जन्म से नहीं, कर्म और संकल्प से पहचान बनती है। कोई भी साधारण शुरुआत असाधारण सफलता का आधार बन सकती है।कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने 66 चयनित विद्यार्थियों को 5-5 हजार रुपये स्वेच्छानुदान प्रदान करने की घोषणा की। इसके साथ ही कहा कि आगामी वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं की मेरिट सूचियों में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 1-1 लाख रुपये शिक्षा सहायता दिया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का मंच पर सम्मान किया गया। पुसौर और खरसिया विकासखण्ड के बच्चों ने पहली बार सुपर-30 के संस्थापक श्री आनंद कुमार को देखा और उनकी बातों को तन्मयता से सुना। उनके प्रेरक विचारों के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने कार्यक्रम से प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, नगर पंचायत पुसौर के अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान, श्री उमेश अग्रवाल, श्रीमती लक्ष्मी जीवन पटेल, श्री बृजेश गुप्ता, श्री जैमिनी गुप्ता, श्री संदीप पंडा, श्री प्रवीण द्विवेदी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम श्री महेश शर्मा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में रिक्त पदों के लिए अंतिम मेरिट सूची जारी

**रायगढ़, 26 नवम्बर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों में पात्र-अपात्र एवं निरस्त आवेदनों की सूची जिले के शासकीय वेबसाईट एवं एकलव्य विद्यालयों तथा कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशन कर दावा आपत्ति आवेदन 28 मंगाए गए, जिसमें किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। जीव विज्ञान की संशोधित अंतिम मेरिट सूची जारी किया गया है। जिसकी जानकारी जिले के शासकीय वेबसाईट में प्रकाशित किया गया है। जीव विज्ञान की संशोधित अंतिम मेरिट सूची अनुसार 1 पद के विरूद्ध 3 इस प्रकार 3 अभ्यर्थियों को 26 नवम्बर सुबह 10.00 बजे से 4.00 बजे तक कार्यालय सचिव/सहायक आयुक्त जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायगढ़ में दस्तावेजों का सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जा रहा है।

### समर्थन मूल्य पर फसलें खरीदी जा रहीं

**रायगढ़, 26 नवम्बर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) के तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिसूचित फसलें अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन एवं रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु अधिसूचित फसलें चना, मसूर एवं सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्राथमिक सहकारी समिति (पैक्स) के माध्यम से उपार्जन किया जा रहा है। कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने प्रदेश के किसानों से एकीकृत किसान पोर्टल में अपने फसल रकबे का पंजीयन कराने की अपील की है।खरीफ फसलें मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन की उपार्जन अवधि 01 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 एवं अरहर फसल हेतु 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 है तथा रवी फसलें सरसों हेतु उपार्जन अवधि 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 एवं चना, मसूर फसल हेतु उपार्जन अवधि 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 है।कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि खरीफ फसलें अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन के उत्पाद के विक्रय हेतु अपने नजदीकी फसल रकबे का अनिवार्य रूप से पंजीयन करावें।

### जिले के नगरीय क्षेत्र में 18 स्थानों पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित

**महासमुंद 26 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत जिला महासमुंद के नगरीय क्षेत्र में मतदाताओं की सुविधा के लिए कुल 18 स्थानों पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदाता अब अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरने और वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम की खोज हेतु आसानी से सहायता प्राप्त कर सकेंगे। ये सहायता केंद्र प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे, जहाँ मतदाता जाकर आवश्यक जानकारी और सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। सहायक मतदान केंद्र स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में केंद्र क्रमांक 194, 195, 201, 202 के मतदाता सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह बृजराज प्राथमिक शाला भवन में केंद्र क्रमांक 164, 165, 166,174 , आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में केंद्र क्रमांक 176, 177, 178, 172,175, प्राथमिक शाला भवन कुम्हार पारा में केंद्र 204, 205, 206, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में केंद्र क्रमांक 109,193, 196, कलाबाई प्राथमिक सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर कदम

**रायगढ़, 26 नवम्बर।** स्वच्छ, हरित एवं सतत ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने में रायगढ़ जिला प्रदेश में अग्रणी बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जागरूकता के सफल प्रयास के परिणामस्वरूप जिले के नागरिक योजना में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में लोगों को योजना के लाभों से अवगत कराया जा रहा है। योजना की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक जिले में 750 से अधिक घरों में सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित किए जा



चुके हैं, वहीं योजना आरंभ होने से अब तक 3,252 लोगों ने आवेदन किया है। केवल पिछले एक माह में ही 226 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी अवधि में 44 घरों में सौर पैनल इंस्टॉल किए जा चुके हैं, जिससे लाभार्थियों को बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी का लाभ मिलने लगा है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि योजना के तहत 1,08,000 रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है। साथ ही बैंक के माध्यम से आसान किश्तों पर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे इच्छुक लाभार्थियों के लिए सोलर प्लांट स्थापित करना और भी सरल हो गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना लोगों को न सिर्फ बिजली बिल में राहत पहुँचा रही है, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर आमदनी का भी अवसर प्रदान करती है। योजना से लाभान्वित ग्रामीण एवं नगरीय नागरिकों ने बताया कि सोलर प्लांट लगाने के बाद प्रतिमाह 4,000 से 5,000 रुपये तक की बचत हो रही है, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक लाभ की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएँ।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 30 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 15 हजार रुपए सब्सिडी प्रदान करती है। 2 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 240 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 60 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 30 हजार रुपए सब्सिडी देती है। 3 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 360 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 78 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 30 हजार रुपए सब्सिडी देती है। शेष राशि उपभोक्ता स्वयं वहन करेंगे, जिसे बैंक ऋण सुविधा के माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है। योजना का लाभ पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से दिया जा रहा है। उपभोक्ता पोर्टल, पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप अथवा टोल-फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नजदीकी सीएसपीडीसीएल कार्यालय से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उपभोक्ता स्वयं ही ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से वेंडर का चयन कर सकते हैं।

# जिले में अब तक 64 हजार 298 क्विंटल धान की खरीदी उपार्जन केंद्रों में बेहतर व्यवस्था से किसानों में उत्साह



**रायगढ़, 26 नवम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप एवं शासन की पारदर्शी समर्थन मूल्य नीति के अंतर्गत जिले में धान खरीदी कार्य सुचारू, व्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से जारी है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधाओं हेतु व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम यह है कि धान बेचने आने वाले किसानों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 64 हजार 298 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों द्वारा धान विक्रय में लगातार बढ़ती भागीदारी से उपार्जन केंद्रों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों के हित में शासन के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों में छाया स्थल, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, नमी मापक यंत्र, बारदाना उपलब्धता, तौल व्यवस्था, सुरक्षा एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही केंद्रों में अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए गए हैं,।

ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। रायगढ़ जिले में कुल 69 प्राथमिक सहकारी समिति सक्रिय हैं और इनके अंतर्गत 105 धान उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू गति से जारी है।

# तालाब में डूबने से शावक हाथी की मौत, वन विभाग सतर्क

**रायगढ़, 26 नवम्बर।** तमनार वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम गौरमुडी के निस्तारी तालाब में सोमवार तड़के लगभग एक वर्ष के शावक हाथी की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना बीट ऑफिसर सरायपाली द्वारा मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच के पश्चात घटना की पुष्टि की। वन परिक्षेत्र अधिकारी तमनार ने बताया कि मृत हाथी की आयु लगभग 1 वर्ष आंकी गई है तथा तालाब वन क्षेत्र से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्राथमिक जांच में यह अनुमान लगाया गया है कि हाथी रात्रि 3 से 4 बजे के दौरान पानी में फिसलकर डूब गया, जिससे उसकी मृत्यु हुई।

घटना के समय आसपास 34 हाथियों का बड़ा समूह मौजूद था, जिसकी निगरानी वन विभाग की टीम द्वारा निरंतर की जा रही थी। फील्ड स्टाफ ने रातभर समूह की गतिविधियों व संख्यात्मक स्थिति की जानकारी साझा की। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों सहित पूरा स्टाफ स्थल पर पहुंचा। मृत हाथी का पोस्टमार्टम



कराया गया, आगे की जांच जारी है। आवश्यक विधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई के पश्चात शव को दफनाया गया।

# नगरीय योजनाओं को समय-सीमा और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें : कलेक्टर

**रायगढ़, 26 नवम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रायगढ़ जिले के सातों नगरीय निकायों की विभिन्न योजनाओं, निर्माण कार्यों, शासन को प्रेषित प्रस्तावों तथा वित्तीय व भौतिक प्रगति की गहन और विस्तृत समीक्षा की। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्राथमिकता में रखे गए कार्यों को समय-सीमा तथा उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करना सभी अधिकारियों की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब जिले के विकास कार्यों को प्रभावित करता है, इसलिए सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वीकृत एवं निर्माण कार्यों से जुड़ी स्थल चयन की समस्याओं, भूमि-संबंधी विवादों तथा कार्य प्रारंभ में आ रही अन्य बाधाओं पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी सभी स्थितियों को तत्काल संबंधित एसडीएम के संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि एसडीएम और नगरीय निकाय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें ताकि किसी भी निर्माण कार्य में देरी न हो और शासन की योजनाएँ समय पर धरातल पर उतर सकें। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर



ने वर्ष 2025-26 के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार तैयार किए जा चुके डीपीआर के लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायत लैलूंगा और पुसौर में आवास निर्माण की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी प्रकट की तथा कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन निकायों में प्रगति अपेक्षित स्तर पर नहीं है, वहां जिम्मेदार अधिकारियों से प्रतिवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।बैठक में रायगढ़ नगर निगम, खरसिया नगर पालिका तथा नगर पंचायत घरघोड़ा, लैलूंगा, पुसौर, किरोड़ीमल नगर और धरमजयगढ़ में संचालित सभी योजनाओं, निर्माण कार्यों, शासन स्तर पर लंबित तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृतियों, टेंडर प्रक्रियाओं, प्रस्ताव प्रेषण की स्थिति और अन्य सभी विभागीय कार्यों की प्रगति पर क्रमवार चर्चा की गई। कलेक्टर ने पुनः दोहराया कि शासन को भेजे जाने वाले सभी प्रस्ताव समय पर और पूर्ण दस्तावेजों के साथ भेजे जाएँ तथा लंबित प्रकरणों का सतत फॉलोअप किया जाए, ताकि स्वीकृतियाँ विलंबित न हों और कार्य निर्धारित समयावधि में प्रारंभ व पूर्ण हो सकें। वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 के लिए प्रस्तावित मदवार कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें कलेक्टर ने विभागवार प्रगति, वित्तीय उपयोग, कार्यों की गुणवत्ता और भौतिक प्रगति की वस्तुनिष्ठ समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि भविष्य की योजनाओं को धरातल पर उतारते समय पारदर्शिता, गुणवत्ता नियंत्रण, समय-सीमा एवं जनउपयोगिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

अटल आवास एवं अटल परिसर निर्माण से संबंधित अद्यतन जानकारी भी बैठक में प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने भवन निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की गति और स्थल निरीक्षण की नियमितता पर विशेष जोर दिया तथा निर्देशित किया कि जहाँ भी कार्य अटक रहे हैं, वहां मौके पर जाकर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए अधिकारियों ने कार्यों की स्थिति बताई, जिस पर कलेक्टर ने निर्माण की गति और तकनीकी मानकों की पूर्ति को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रीटमेंट प्लांट जैसी आधारभूत संरचनाएँ नगरीय क्षेत्रों के स्वच्छता प्रबंधन की रीढ़ होती हैं, इसलिए गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए।

अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनाधिकृत गतिविधि को सख्ती से रोकें। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमित निरीक्षण, उल्लंघनकर्ताओं पर त्वरित कार्रवाई और राजस्व व नियमन संबंधी नियमों का कठोर पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति भी प्रस्तुत की गई, जिन पर कलेक्टर ने समय-सीमा तय कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घोषणाएँ जनहित से जुड़ी होती हैं, इसलिए इनका समय पर क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। 'वुमेन फॉर ट्री' अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं की सहभागिता से संचालित पर्यावरणीय पहल अत्यंत प्रभावी सिद्ध होती हैं। उन्होंने इस अभियान को जनसहभागिता आधारित बनाकर अधिकाधिक वृक्षारोपण और संरक्षण कार्य करने को प्रोत्साहित किया।

### जिला पंचायत सभाकक्ष में मनाया गया संविधान दिवस

**महासमुंद 26 नवंबर ।** जिला पंचायत के सभा कक्ष में आज संविधान दिवस समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल, उपाध्यक्ष श्री भीखम ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति जगमोती भोई, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भारत माता के छाया चित्र में माल्यार्पण और पूजन कर किया गया। संविधान दिवस में प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। सभा कक्ष में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में प्रस्तावना का पाठ कर संकल्प दोहराया कि वे संविधान में निहित मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को सामाजिक जीवन में धारण करेंगे। इस अवसर पर संविधान दिवस पर आधारित एक विशेष वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया।

# कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने पर 4 बीएलओ को किया सम्मानित

**रायगढ़, 26 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत जिले में गणना पत्रक वितरण एवं डिजीटाईजेशन कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से जारी है। जिले में अब तक 98.23 प्रतिशत मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण किया जा चुका है। वहीं 63.38 प्रतिशत डिजीटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट में शत-प्रतिशत गणना पत्रक वितरण एवं डिजीटाईजेशन कार्य को पूर्ण करने वाले 4 बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य निर्वहन के लिए प्रशस्ति पत्र सम्मान कर सम्मानित किया। इनमें विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा की मतदान केन्द्र क्रमांक-143 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती



बोधमती पटेल, रोडोपाली-149 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अंजली गुप्ता, ठरकपुर-193 के सहायक शिक्षक श्री भवानीशंकर डनसेना और मतदान केन्द्र क्रमांक-193 रानीगुड़ा के बीएलओ रामस्वरूप पटेल शामिल है।

कलेक्टर ने की अपील, शीघ्र गणना पत्रक पूर्ण कर बीएलओ के पास करें जमा कलेक्टर ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि निर्धारित तिथि के पूर्व सभी मतदाता अपना गणना पत्रक शीघ्र पूर्ण कर अपने-अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास ही जमा करें, ताकि निर्धारित समयावधि में बीएलओ एप में डिजीटाईजेशन कार्य पूर्ण हो सके। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.प्रियंका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गणना पत्रक को भरने हेतु किसी स्याही विशेष का उपयोग मतदाताओं, बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा किए जाने के संबंध में कोई निर्देश नहीं है। फोटो धुंधला अथवा अस्पष्ट हो ऐसी स्थिति में मतदाता चाहे तो अपना नवीन फोटो बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा सकेगा। सभी मतदाताओं को गणना पत्रक में फोटो लगाए जाने की अनिवार्यता नहीं है। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार 04 दिसम्बर तक एसआईआर कार्य को पूर्ण किया जाएगा। जिसके तहत मतदाता सूची में सुधार, दावों एवं आपत्तियों का निराकरण, तथा गणना पुस्तक वितरण कार्य के साथ-साथ डिजिटाइजेशन कार्य भी तेज गति से किया जा रहा है।

# कुष्ठ रोगियों की पहचान एवं जांच के लिए दिया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 26 नवम्बर।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कुष्ठ रोग की पहचान, जांच एवं उपचार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंडों से मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आर.एच.ओ. एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आरोग्यम सभा कक्ष में आयोजित हुआमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुष्ठ एक संक्रामक रोग है, जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने से उत्पन्न ड्रॉपलेट के माध्यम से फैलता है।



यह रोग शरीर में धीमी गति से बढ़ता है तथा इसके स्पष्ट लक्षण दिखाई देने में कुछ सप्ताह से लेकर 20 वर्षों तक का समय लग सकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रंजना पैंकरा द्वारा किया गया।प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में चाम्पा मिशन अस्पताल (टी.एल.एम.) के विशेषज्ञ डॉ. सौरभ आनंद एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रश्मि नायक तथा द्वितीय दिवस डॉ. रूबी एवं डॉ. रश्मि नायक द्वारा कुष्ठ रोग की त्वरित पहचान, जांच प्रक्रिया, एम.डी.टी. दवा द्वारा उपचार, कुष्ठ जीवाणु से होने वाली विकलांगता की रोकथाम, जल-तेल (सेल्फ केयर) थेरेपी तथा रोगियों के पुनर्वास संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी ने बताया कि वर्ष 2030 तक कुष्ठ रोग का पूर्ण उन्मूलन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में रायगढ़ जिले का प्रसार दर 3.26 है, जिसे घटाकर 1 से कम लाना प्राथमिक उद्देश्य है। इसके लिए सभी विकासखंडों में घर-घर सर्वे करके संदिग्ध मरीजों की पहचान एवं समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएचओ डॉ. भानू पटेल, फिजियोथेरेपिस्ट अनिता पटेल, एन.एम.ए. एम.पी. साहू, दिनेश यादव, गौतम सिदार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संविधान के 75 वर्ष : रायपुर में छायाचित्र प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन

**रायपुर, 26 नवंबर।** भारतीय संविधान के अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा भारतीय संविधान पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। संस्कृति विभाग, जिल्क़ प्रशासन एवं नगर निगम रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 26 नवंबर को प्रातः 11 बजे टाउन हॉल में आयोजित इस छायाचित्र प्रदर्शनी और संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री रायपुर के अम्बेडकर चौक में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### रेत के अवैध परिवहन मामले में दो ट्रैक्टर जब्त

**रायपुर, 26 नवंबर।** कोरबा जिला प्रशासन द्वारा अवैध रेत खनन एवं परिवहन के साथ ही शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की रोकथाम को लेकर पाली क्षेत्र में दो ट्रैक्टर तथा बांधाखार में शासकीय भूमि में अनाधिकृत रूप से मिट्टी पटाई कार्य में लगे एक जेसीबी तथा टीपर को जब्त किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर नायब तहसीलदार पाली, राजस्व निरीक्षक पोड़ी तथा हल्का पटवारी की टीम द्वारा ग्राम पोड़ी में अवैध रूप से रेत का खनन कर परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर की जब्ती की कार्रवाई कर थाना पाली के सुपुर्द किया गया। राजस्व विभाग के टीम ने अनुविभाग पाली के हरदीबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम बांधाखार में शासकीय भूमि पर बिना अनुमति मिट्टी पटाई कर रहे जेसीबी मशीन और टीपर वाहन को जब्त कर हरदीबाजार थाना सुपुर्दगी में दे दिया गया है। एसडीएम पाली ने कहा कि अनुविभाग में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा तथा रेत सहित अन्य खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के मामले में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तेज़ी

**रायपुर, 26 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) कार्य का संचालन 04 नवम्बर 2025 से पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ जारी है। बीएलओ द्वारा प्रदेशभर में घर-घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन तेजी से प्रगति पर है।आज 25 नवम्बर तक प्रदेश में लगभग 01 करोड़ 29 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो कुल 02 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 पंजीकृत मतदाताओं का लगभग 61 प्रतिशत है।

### मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया सुव्यवस्थित रूप से जारी

**रायपुर,26 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कार्य पूरे प्रदेश में सुचारू रूप से जारी है। इस क्रम में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना फॉर्मों को एकत्र कर रहे हैं। बीएलओ आवश्यक दस्तावेजों के साथ गणना फॉर्म की एक प्रति अपने पास रखेंगे और आवेदक को दिए जाने के लिए गणना फॉर्म की दूसरी प्रति पर फॉर्म की प्राप्ति की पावती देंगे। यदि कोई मतदाता भरे हुए फॉर्म को दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन अपलोड करता है, तो बीएलओ मतदाता के घर जाकर दस्तावेजों का सत्यापन करेगा। तत्पश्चात, बीएलओ इन फॉर्मों और संलग्न दस्तावेजों को बीएलओ/ईसीआईनेट मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपलोड करेगा। इसके बाद, बीएलओ रिकॉर्ड के उद्देश्य से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी /सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को एकत्र किए गए सभी गणना फॉर्मो को उनके दस्तावेजों के साथ जमा करेगा। ARO/AERO को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं है और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल नहीं है।प्रारूप मतदाता सूची में उन सभी मौजूदा मतदाताओं के नाम शामिल होंगे जिन्होंने बीएलओ को विधिवत भरा हुआ गणना फॉर्म जमा कर दिया है।

# सीएम साय ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की



**रायपुर,26 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के विस्तार, नए प्रोजेक्ट्स की प्रगति और चल रही परियोजनाओं के शीघ्र पूर्ण करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि राज्य में स्वीकृत सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाए, ताकि नागरिकों, उद्योगों और व्यापार जगत को बेहतर, तेज़ और सुरक्षित परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए बिंदुओं का स्वागत करते हुए कहा कि रेलवे मंत्रालय छत्तीसगढ़ में कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए क्रियाशील है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, सचिव श्री राहुल भगत एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रेल विकास अभूतपूर्व गति से हो रहा है और डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से प्रदेश का रेल नेटवर्क एक नए स्वर्णिम युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि रायपुरङ्कजबलपुर एक्सप्रेस की शुरुआत से पर्यटन, व्यापार और शिक्षा को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2014 से 2030 के बीच राज्य में रेल लाइन का विस्तार दोगुना होने जा रहा है, जबकि 1853 से 2014 तक मात्र 1100 किलोमीटर का विस्तार हो सका था। पिछले दस वर्षों में राज्य के रेल बजट में 22 गुना वृद्धि और वर्ष 2025ङ्क26 में 6,925 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आवंटन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए इस परिवर्तन का सशक्त प्रमाण है। राज्य में 47,447 करोड़ रुपये से अधिक की कई प्रमुख रेल परियोजनाएँ तेज़ी से आगे बढ़ रही हैं। खरसियाङ्कनवा रायपुरङ्कपरमालकसा, गेवराङ्कपेंड्रा, रावघाटङ्कजगदलपुर, खरसियाङ्कधरमजयगढ़ तथा बिलासपुरङ्कझारसुगुड़ा चौथी लाइन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएँ छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी को नई ऊँचाई प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग सहित प्रदेश के 32 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक पुनर्विकास भी तीव्र गति से जारी है, जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़ आने वाले वर्षों में देश के सबसे महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोर वाले राज्यों में शामिल होगा और कनेक्टिविटी का यह विस्तार प्रदेश की औद्योगिक, आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन क्षमता को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

#### दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में 3,000 से ज्यादा रोजगार का खुला रास्ता

# छत्तीसगढ़ देश का सबसे भरोसेमंद और तेज़ी से उभरता औद्योगिक गंतव्य : सीएम साय




**रायपुर, 26 नवंबर।** राजधानी दिल्ली आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को अभूतपूर्व निवेश प्रस्ताव मिले। स्टील, ऊर्जा और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों ने राज्य में उद्योग स्थापित करने, क्षमता विस्तार, होटल निर्माण और वेस्ट-टू-एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए रुचि दिखाई। कार्यक्रम में शामिल कंपनियों ने कुल 6321.25 करोड़ के औद्योगिक निवेश और 505 करोड़ का पर्यटन निवेश का प्रस्ताव दिया है। इन परियोजनाओं से आगामी वर्षों में 3,000 से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद है। इस निवेश प्रस्ताव के साथ अब तक छत्तीसगढ़ को कुल 7.90 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

दिल्ली स्थित होटल द ललित में आज आयोजित कार्यक्रम में स्टील और टूरिज़्म सेक्टर को केंद्र में रखते हुए नए निवेश अवसरों पर फोकस किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने उद्योग जगत के प्रमुख निवेशकों, विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की एवं स्टील और टूरिज़्म सेक्टर की कई कंपनियों को निवेश प्रस्ताव पत्र सौंपे।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, भारत सरकार के केमिकल और उर्वरक मंत्रालय के सचिव अमित अग्रवाल, इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंडरिक भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे भरोसेमंद, स्थिर और तेज़ी से उभरते हुए औद्योगिक गंतव्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य में ऊर्जा, खनिज, सक्षम मानव संसाधन और निवेशक-हितैषी नीति का ऐसा संयोजन मौजूद है, जो किसी भी उद्योग के लिए अत्यंत उपयुक्त वातावरण तैयार करता है।उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम के तहत अनुमतियाँ अब पहले की तुलना में अधिक तेज़ी और पारदर्शिता के साथ जारी हो रही हैं। छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाना आज पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। राज्य में कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, टिन, लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की उपस्थिति बड़े औद्योगिक और विनिर्माण क्षेत्र के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित 'एनर्जी समिट' में राज्य को साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और कई परियोजनाओं में कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। मुख्यमंत्री साय ने स्टील सेक्टर का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश का स्टील हब है, जहां भिलाई स्टील प्लांट, नगरनार स्टील प्लांट और एमएसएमई आधारित स्टील इकाइयां राज्य की औद्योगिक पहचान को मजबूती प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा भिलाई स्टील प्लांट पिछले 70 वर्षों से देश की औद्योगिक प्रगति का स्तंभ रहा है और इसकी उपस्थिति ने स्टील आधारित उद्योगों का प्राकृतिक इकोसिस्टम तैयार किया है।

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने 1.98 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर, 26 नवंबर।** कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सक्रिय रहते हुए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा द्वारा विकास कार्यों को लगातार स्वीकृति दिलाकर उन्हें धरातल पर उतारा जा रहा है। इसी कड़ी में अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सारी एवं ग्राम चंदैनी में कुल 1 करोड़ 98 लाख 91 हजार रूपए की लागत से सड़क, नाली एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। ग्राम आगमन पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक रूप से उत्साह और उल्लास के साथ राउत नाचा एवं डंडा नृत्य से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने ग्राम सारी में 1 करोड़ 65 लाख 59 हजार रुपये की लागत से खड़ौदा से सारी मार्ग पर पुल-पुलिया सहित 1.5 किलोमीटर लंबी मार्ग के निर्माण कार्य और ग्राम चंदैनी में ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत 33 लाख 32 हजार रुपये की लागत से सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा, जल निकासी की समस्या से निजात के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं तक पहुँच सुगम होगी और क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा विधानसभा का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और सड़क, पुल-पुलिया, नाली, पेयजल, विद्युत, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को हर गांव तक पहुंचाना राज्य सरकार का दृढ़ संकल्प है। मुख्यमंत्री गौरवपथ योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र के हर गांव में प्रगति और समृद्धि की नई तस्वीर देखने को मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, श्री रवि राजपुत, श्री रूपेन्द्र जायसवाल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, युवा, ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सहजता और आत्मीयता का परिचय देते हुए ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए गांव की बुनियादी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## सिम्स में हाइडेटिड सिस्ट का पांचवां सफल दूरबीन ऑपरेशन



**रायपुर, 26 नवंबर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर ने जटिल सर्जरी के क्षेत्र में एक और बड़ी कामयाबी दर्ज की है। सर्जरी विभाग की टीम ने दूरबीन (लैप्रोस्कोपिक) तकनीक का उपयोग करते हुए लिवर में मौजूद 10 सेंटीमीटर के हाइडेटिड सिस्ट को सुरक्षित रूप से निकाल दिया। यह सिम्स में इस तरह की पाँचवीं सफल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी है।

मुंगेली की 20 वर्षीय तीजन नेताम पेट में भारीपन, भूख कम लगना और असहजता की शिकायत के साथ सिम्स पहुंची। सोनोग्राफी और सीटी स्कैन में लिवर के दाहिने हिस्से में बड़ा हाइडेटिड सिस्ट पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिम्स प्रशासन के मार्गदर्शन में इसे दूरबीन पद्धति से ऑपरेट करने का फैसला लिया गया। सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. ओ.पी. राज के नेतृत्व में डॉ. रघुराज सिंह, डॉ. बी.डी. तिवारी और डॉ. प्रियंका माहेश्वर की टीम ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा, डॉ. मिल्टन, डॉ. मयंक आगरे व पीजी रेजिडेंट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने सटीक रिपोर्टिंग कर सर्जरी में अहम सहयोग दिया। ओटी स्टाफ सिस्टर योगेश्वरी, संतोष पांडे और अश्वनी मिश्रा का काम भी सराहनीय रहा। लैप्रोस्कोपिक तकनीक की वजह से बहुत कम चीरा लगा, रक्तस्राव लगभग नगण्य रहा मरीज जल्द ही सामान्य दिनचर्या में लौट सकती है

यह एक परजीवी संक्रमण है, जो इकाईनोकोकस ग्रेन्यूलोसस (कुत्ता फीता कृमि) के कारण होता है। यह आमतौर पर लिवर और फेफड़ों को प्रभावित करता है। संक्रमण अक्सर दूषित पानी, संक्रमित भोजन, और कुत्तों-भेड़ों के संपर्क से फैलता है। इसके मुख्य लक्षण - पेट दर्द, भारीपन, भूख कम लगना, जल्दी पेट भरने का एहसास इसके मुख्य लक्षण है। गहरे और बड़े सिस्ट लीवर की कार्यप्रणाली पर असर डालते हैं और फटने पर ऐनाफइलैक्सिस जैसी जानलेवा स्थिति भी बन सकती है। स्वच्छ पानी, साफ भोजन और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत क्रीमनाशक दवाओं का सेवन कर इस रोग से बचाव किया जा सकता है।

## समाचार संक्षेप

### 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' सम्मेलन में सीएम साय निवेशकों से मिले




**रायपुर 26 नवंबर।** छत्तीसगढ़ सरकार का महत्वपूर्ण निवेशक सम्मेलन छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट आज नई दिल्ली में प्रारम्भ हो गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय पहुँचे और उन्होंने उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों से मुलाक़ात का क्रम प्रारंभ कर दिया है। इस आयोजन में स्टील क्षेत्र, पर्यटन उद्योग और अन्य प्रमुख सेक्टरों के नामी उद्योगपति तथा विभिन्न कंपनियों के शीर्ष अधिकारी शामिल हो रहे हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य देश भर के निवेशकों के समक्ष छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति, उभरते अवसरों और निवेशङ्कअनुकूल वातावरण को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय निवेशकों से सीधे संवाद कर रहे हैं तथा उन्हें राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं, स्थिर एवं पारदर्शी नीति, तेज़ी से विकसित होते इंफ्रास्ट्रक्चर तथा सरल और समयबद्ध प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से अवगत करा रहे हैं।

### जशपुर के युवाओं को निफ्टेम विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण



**रायपुर, 26 नवंबर।** जशपुर जिले में युवाओं को मोटा अनाज से तैयार होने वाले वैल्यू-एडेड खाद्य उत्पादों की ट्रेनिंग दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ते हुए किसानों की आमदनी बढ़ाना और गांवों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह विशेष प्रशिक्षण निफ्टेम, कुंडली (सोनीपत, हरियाणा) के ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर प्रसन्ना कुमार जी.वी. और श्री अभिमन्यु गौड़ के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण जशपुर नगर के महुआ सेंटर ऑफएक्सीलेंस में आयोजित किया गया, जिसमें एनईएस कॉलेज जशपुर के 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में युवाओं को नानखटाई, कपकेक और न्यूट्री-बार जैसे मोटा अनाज आधारित स्वादिष्ट और पोषक उत्पाद बनाने की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी गई। इसके साथ ही उन्हें आधुनिक तकनीक, प्रोसेसिंग के तरीके और छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए जरूरी जानकारी भी प्रदान की गई। युवाओं को यह बताया गया कि कैसे मोटे और कच्चे अनाज को बाजार में बिकने वाले उच्च गुणवत्ता के उत्पादों में बदला जा सकता है प्रोफेसर प्रसन्ना कुमार ने युवाओं को मोटा अनाज के नए-नए उत्पाद विकसित करने और पारंपरिक तरीकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के जरिए मिलने वाली फंडिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग सपोर्ट का उपयोग करके ये युवा बड़े स्तर पर उत्पादन शुरू कर सकते हैं। निफ्टेम का लक्ष्य है कि ग्रामीण युवा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए उद्यमी बनें और गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जशपुर जिले में चावल की खेती ज्यादातर वर्षा पर निर्भर रहती है, जबकि बाजरा कम पानी में भी अच्छी फसल देता है। इसी वजह से बाजरा और महुआ को भविष्य की टिकाऊ खाद्य व्यवस्था में अहम माना जा रहा है। जशपुर में जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी जशप्योर ब्रांड नाम से बाजरा और महुआ के कई उत्पाद तैयार कर रही है। वहीं जावा फूल और जीराफूल जैसे स्थानीय चावल की बिक्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से होने लगी है। विशेषज्ञों ने बताया कि मोटा अनाज और महुआ जैसे स्थानीय संसाधन न सिर्फ पोषण बढ़ाते हैं, बल्कि गांवों में आजीविका के नए अवसर भी पैदा करते हैं। प्रशिक्षण के बाद कई युवाओं ने कहा कि वे इन कौशलों का उपयोग अपने समुदाय के हित में करना चाहते हैं।

# प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का किया निरीक्षण

**रायपुर, 26 नवंबर।** प्रमुख सचिव विज्ञान प्रौद्योगिकी श्री सोनमणि बोरा ने आज क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र के परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत अमलतास के पौधे का रोपण किया। जहां विज्ञान केंद्र के प्रबंध महानिर्देशक श्री प्रशांत कवीश्वर एवं उप सचिव श्रीमती अंकिता गर्ग ने भी पौधरोपण किया। प्रमुख सचिव ने विज्ञान पार्क का अवलोकन किया एवं पार्क के रंगरोगन, प्रकाश व्यवस्था आदि आवश्यक कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विज्ञान केंद्र को निःशक्त लोगों के लिए अधिक सुगम्य बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र के छत्तीसगढ़ के संसाधन जोन, अस्थाई प्रदर्शन कक्ष, मापन दीर्घा, थ्री डी थियेटर आदि का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने जीपीएस के साथ नाविक की कार्यप्रणाली को भी जोड़ने को कहा। उन्होंने गाइडों की संख्या भी बढ़ाने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने विज्ञान केंद्र में थ्रीडी थियेटर में मनुष्य की अंतरिक्ष की यात्रा के इतिहास को थ्रीडी में देखा। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए थ्रीडी ग्लासेस की नियमित सफाई कराने को कहा। उन्होंने केंद्र को और अधिक दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, विद्यार्थियों के लिए अधिक रुचिकर और सुगम्य बनाने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव ने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें प्रमुख सचिव ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को राज्य में प्रोत्साहित करने के लिए विभाग को थ्रीडी प्लेनेटोरियम डोम की संख्या बढ़ा कर उन्हें स्थानीय कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, आदिम जाति कल्याण विभाग से समन्वय कर आश्रम एवं छात्रावास को भी उपलब्ध कराने को कहा। इसके साथ ही हर संभाग में डोम उपलब्ध कराने एवं विविध सार्वजनिक कार्यक्रमों में इसका प्रदर्शन कराने को कहा। विज्ञान केंद्र के सभी जोन एवं कार्यक्रमों में स्थानीय भाषा जैसे गोंडी, हल्बी, छत्तीसगढ़ी में सूचनाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को राज्य में प्रोत्साहित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे यूट्यूब, फेसबुक आदि के माध्यम से वेबिनार, टेक टॉक जैसे कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाई जा सके। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों को आगामी वर्षों के लिए कार्ययोजना निर्माण करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने सभी जिलों में विज्ञान की प्रगति के लिए स्कूल, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में 100 से अधिक समन्वयक और 1000 से अधिक स्वयंसेवक विज्ञान दूत तैयार करने को कहा एवं अच्छा कार्य करने वाले स्वयंसेवकों एवं समन्वयकों को विज्ञान दिवस पर सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिसर्च एंड डेवलोपमेन्ट पर ध्यान केंद्रीत करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करने को कहा। उन्होंने विज्ञान केंद्र के द्वितीय फेज के विस्तार के लिए कार्ययोजना निर्माण करने के निर्देश दिए।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 202511142400011/
अ-2/2024-25
साकिन :- रतेसरा, प.ह.न.24

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका रोजालिया लकड़ा पति रॉबिन लकड़ा, जाति उरांव, निवासी ग्राम माहुरबंद पारा कांकेर, तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम रतेसरा, प.ह.नं. 24, तहसील चारामा में स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 104/33 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 02.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 18.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 202511142400010/
अ-2/2024-25
साकिन :- कर्राजैसा, प.ह.न.05

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका कांति साहू पति कृष्ण कुमार साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम माटवाड़ा, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कर्राजैसा, प.ह.नं. 05, तहसील चारामा में स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 85/3 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 02.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 18.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ई कोर्ट नं.
ग्राम परसदा
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री यशोदा बाई पति श्री लक्ष्मीनारायण अन्य 02 निवासी ग्राम परसदा तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 20 स्थित भूमि खसरा नं. 589/1 रकबा 0.025 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.025 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिसं किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 05/12/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 20/12/25 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी,(रा.) बालोद, जिला बालोद(छ.ग.)

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)**

दूरभाष: (0771)2331431 फैक्स: (0771) 4055885 ईमेल: Sel.raipur@gov.in

**निविदा संशोधन सूचना**

ज्ञाप क्र. /40-299/सा.25 रायपुर, दिनांक /11/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निम्नलिखित निविदाओं में त्रुटिवश Notice 1 में दर्शित 2 F (Valid Hot Mix Plant Certificate) शर्त की कंडिका 7 (d) विलोपित नहीं हुआ है, उक्त कार्य में बिटुमिनस कार्य की आवश्यकता नहीं है, इस कारण बिटुमिनस के संबंध में दर्शित शर्त को विलोपित माना जावें ।

| क्र. | कार्य का नाम | एन.आई.टी.क्र. निविदा क्र. | आमंत्रण दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | S/R. WORK OF VARIOUS CULVERTS UNDER SILIYARI SECTION NO.02 UNDER SUB DIVISION NO.- 2, RAIPUR(C.G.) (1) S/R WORK OF KHUNA-NILJA ROAD IN KM. 3/8 TOE WALL AND PITCHING WORK (2) S/R WORK KURUD-GODHI ROAD IN KM. 3/10 TOE WALL AND PITCHING WORK | 256 / 178280 | 06-11-2025 |
| 2 | S/R. WORK OF VARIOUS ROADS UNDER SILIYARI SECTION NO. 02 1) KHAUNA NILJA ROAD IN KM. 1/2.(135 M) AND 1/6 (150 M)=285.00M. 2 S/R. WORK OF VILLAGE TARESAR BASTI ON SILIYARI-TARESAR ROAD KM. 3/2 TO 3/4 (TOTAL LENGTH 5.00 KM.) 3) S/R. WORK OF TOR-TARRA ROAD IN KM. 1/8 AND 1/10=350M. | 266 / 179108 | 11-11-2025 |
| 3 | CONSTRUCTION OF 4 ROW HUME PIPE CULVERT (1000 DIA) AT KM 8/10 ON KODWA-JANJGIRA-KONARI ROAD. | 262 / 178768 | 11-11-2025 |

जी नं. 252604576, 252604700

जी- 252605010/7

अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

# डीजीपी कांफ्रेंस में छग की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की जाए: दीपक बैज



**रायपुर 26 नवंबर।** प्रदेश में हो रही देशभर के पुलिस महानिदेशको की कांन्फ्रेस में छत्तीसगढ़ की बद्तर कानून व्यवस्था की भी समीक्षा होनी चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा डीजीपी कांन्फ्रेस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी आ रहे। यहां पर देश भर के राज्यों की कानून व्यवस्था पर चर्चा की जायेगी तथा राज्यों की कानून व्यवस्था की समीक्षा होगी एवं भविष्य की रणनीति भी बनाये जायेगी। ऐसे में इस कांन्फ्रेस में छत्तीसगढ़ के बिगड़ चुके कानून व्यवस्था के बारे में भी विचार किया जाना चाहिये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले वर्षो में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। लूट, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी की घटनाओं के कारण पूरे प्रदेश में दहशत का माहौल है। छत्तीसगढ़ देश का ऐसा अकेला राज्य है, जहां पर कलेक्टर, एसपी कार्यालय जला दिया गया, अपराधी को गांव वालो ने उसके घर में जिंदा जला दिया, एसडीएम को जनता मारने दौड़ा दिया उसे जान बचाकर भगाना पड़ा। राज्य की राजधानी में 2 साल में गोलीबारी की घटना हो गयी, राज्य में मासूम बच्चियां महिलाएं सुरक्षित नहीं है। हर दिन बलात्कार और हर दूसरे दिन 3 सामूहिक दुराचार की घटनाएं हो रही है। राजधानी चाकू पुर बन गया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की बढ़ती अपराधिक घटनाओं को दृष्टांत मानकर डीजी कांन्फ्रेस में इस पर विमर्श होना चाहिये। छत्तीसगढ़ डीजीपी कांन्फ्रेस का मेजबान राज्य है अतः यहां की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था पर मंथन इस कांन्फ्रेस में होना ही चाहिये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश के हृदय स्थल में होने के बावजूद छत्तीसगढ़ में पाकिस्तान से ड्रग पहुंच रहा। पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन के लोग छत्तीसगढ़ में पकड़ा रहे है। खुद राज्य के गृहमंत्री दावा करते है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में बंग्लादेशी एवं पाकिस्तानी नागरिक घुसपैठ करके आये है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिये कि प्रदेश के हृदय स्थल में घुसपैठिये अपराधी कैसे पहुंच रहे है? छत्तीसगढ़ में घुसपैठिये पहुंचना केन्द्र सरकार की भी बड़ी विफलता है।

## एक नजर

### रेल मंडल में मनाया गया संविधान दिवस



**रायपुर 26 नवंबर।** आज ही के दिन 26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था जिसे 26 जनवरी, 1950 में लागू किया गया और वर्तमान इसी संविधान की बदौलत आज भारत पूरे विश्व में सबसे बडे लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है । इसी कड़ी में आज दिनांक 26 नवम्बर, 2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक, श्री दयानंद के द्वारा संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया । समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया । इस अवसर पर रायपुर रेल मंडल के समस्त विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### स्वदेशी संकल्प यात्रा के स्वागत को लेकर उत्साह



**रायपुर 26 नवंबर।** देशभर में स्वदेशी जागरण का संदेश लेकर निकली स्वदेशी संकल्प यात्रा के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर प्रदेश भर में उत्साह का माहौल है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित यह यात्रा प्रदेश के व्यापारिक जगत, उद्यमियों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों में नई ऊर्जा का संचार कर रही है। यात्रा के स्वागत एवं कार्यक्रमों की तैयारियाँ अब पूरे प्रदेश में तेज़ी से अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर परवानी एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक श्री जगदीश पटेल ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा को भव्य एवं प्रभावी रूप से सफल बनाने हेतु बाप्ज् के प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों, व्यापारिक संगठनों, युवा इकाइयों एवं स्वयं सेवी टीमों ने प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। बैठक में यात्रा की संपूर्ण रूपरेखा, समय-सारणी, स्वागत कार्यक्रम, जन-जागरूकता गतिविधियाँ, संचार व्यवस्थाएँ और सुरक्षा-व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। यात्रा को प्रदेश में ऐतिहासिक स्वरूप देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी सहमति बनी।

### सनातन धर्म जागरण मंच की प्रदेश प्रमुख बनी स्मिता

**रायपुर, 26 नवंबर।** प्रदेश की जानी-मानी अधिवक्ता व समाजसेवी श्रीमती स्मिता पाण्डे को अखिल भारतीय सनातन धर्म जागरण मंच का छत्तीसगढ़ राज्य मातृशक्ति प्रमुख बनाया गया है।



मनोनयन पत्र में स्मिता को संगठन का विस्तार करने, प्रशिक्षित करने तथा सनातनी बंधुओं हिन्दू जैन, बौद्ध, सिख को जोड़कर सनातन मंच को और मजबूत बनाने कहा गया है। इस मनोनयन पर स्मिता को विभिन्न संस्था संगठनों ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि अपने अध्ययन काल के दौरान स्मिता सफल छात्र नेत्री रही हैं। वे गर्ल्स कालेज छात्र संघ की दबंग, लोकप्रिय व मिलनसार अध्यक्ष थी।

## एनएसयूआई का भाजपा सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान



**रायपुर 26 नवंबर।** एनएसयूआई ने आज पूर्व विधायक विकास उपाध्याय की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में छात्रों एवं युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया। NIT फ़ूड कोर्ट के सामने हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह अभियान भाजपा सरकार के फ़ूड कोर्ट हटाने के निर्णय के विरोध में किया गया, जिसमें छात्रों और युवाओं से ज़रूरी सुविधाएँ और रोज़गार छीन लिए गए हैं।एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का रवैया लगातार छात्र-विरोधी रहा है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छात्रों के हित में बनाया गया फ़ूड कोर्ट परिसर, जहाँ रोज़ाना हज़ारों छात्र-छात्राएँ भोजन, बैठक एवं सुरक्षित वातावरण का लाभ लेते थे, उसे भाजपा सरकार ने अचानक तोड़ दिया। इस कार्रवाई ने न केवल छात्रों को सुविधाओं से वंचित किया, बल्कि वहाँ काम करने वाले दुकानदारों और युवाओं के रोज़गार पर भी सीधा प्रहार किया।ड्ड

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने भाजपा सरकार की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के लिए बेहतर व्यवस्था तैयार की थी, जिसे भाजपा सरकार ने बिना किसी ठोस कारण के समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि दुकानदारों का रोज़गार छीने जाने का यह अन्याय कभी माफ नहीं किया जाएगा।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने भी सरकार की कार्रवाई को पूरी तरह छात्र-विरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने छात्रों को सस्ते और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक व्यवस्थित फ़ूड ज़ोन का निर्माण किया था, जिससे प्रतिदिन हज़ारों छात्रों को लाभ मिलता था। लेकिन भाजपा सरकार को छात्रों की यह सुविधा रास नहीं आई, इसलिए स्टूडेंट हब को तोड़ने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई छात्रों के अधिकारों और न्याय के लिए मजबूती से संघर्ष जारी रखेगी।

एनएसयूआई का यह हस्ताक्षर अभियान आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न कॉलेजों, युवाओं के समूहों और सार्वजनिक स्थलों में चलाया जाएगा। संगठन ने स्पष्ट कहा है कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक छात्रों और दुकानदारों के साथ हुए अन्याय की भरपाई नहीं की जाती।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, अमित शर्मा, हेमंत पाल, शांतनु झा, निखिल वंजारी, महताब हुसैन, पुनेश्वर लहरे, गवेष साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## 15 अधिकारियों की नई पोस्टिंग

**रायपुर 26 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। जी हां, सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य के 16 अधिकारियों की तबादला किया गया है। सचिवालय सेवा के 16 अनुभाग अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक अलग पदों पर पदस्थ किया गया है। इस सूची के अनुसार, जेल विभाग में पोस्टेड अनुभाग अधिकारी अभिलाषा दास को सामान्य प्रशासन विभाग (कक्ष-9) में भेजा गया है। आइए देखते है पूरी सूची अनुभाग अधिकारी का नाम : वर्तमान पदस्थापना : नवीन पदस्थापना अभिलाषा दास : जेल विभाग : सामान्य प्रशासन विभाग (कक्ष-9) मुकेश तांडी : सामान्य प्रशासन विभाग (कक्ष-3) : कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग अंजू शर्मा : सामान्य प्रशासन विभाग (कक्ष-6) : ऊर्जा विभाग आशीष कुमार अग्रवाल : महिला एवं बाल विकास : आदिम जाति विकास विभाग शबीहा परवीन खान : खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग : उच्च शिक्षा विभाग ज्योति पटेल : वित्त विभाग : महिला एवं बाल विकास विभाग स्नेहा यादव : पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग : गृह विभाग मुकेश शाकार : सामान्य प्रशासन विभाग (कक्ष-8) : यथावत। सुनील गिरड़कर : ऊर्जा विभाग : वित्त विभाग सीमा साहू : आदिम जाति विकास विभाग : सामान्य प्रशासन विभाग (लेखा शाखा) महेन्द्र कुमार माण्डले : धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग : राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग राधेश्याम भोई : जनसंपर्क विभाग : महिला एवं बाल विकास विभाग प्रफुल्ल टोप्पो : विमानन विभाग : वित्त विभाग प्रवीण रिछारिया : जेल विभाग : वर्तमान कर्तव्यों के साथ साथ जल संसाधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार विजय लाल जाटवर : महिला एवं बाल विकास विभाग : धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग सतीश सिंह राजपूत : राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग : सामान्य।

## कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के गुर्गे मयंक को लाया जा रहा रायपुर



**रायपुर 26 नवंबर।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के करीबी गुर्गे मयंक सिंह उर्फसुनील मीणा को पुलिस रायपुर लेकर आ रही है। मयंक सिंह पर गैंगबाजी, शूटआउट, हत्या के प्रयास, और अवैध वसूली जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। उसे अजरबैजान से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद झारखंड की जेल में रखा गया था, और अब रायपुर पुलिस उसे यहां दर्ज मामलों में पूछताछ के लिए ला रही है।

जुलाई 2024 में राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके में स्थित पीआरए ग्रुप (सड़क निर्माण और परिवहन से जुड़ी एक ठेका कंपनी) के दफ्तर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में मयंक सिंह का नाम प्रमुखता से सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी गैंगस्टर अमन साव सहित एक दर्जन से ज्यादा गुर्गों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पता चला था कि मयंक सिंह देश से बाहर, अजरबैजान में बैठकर, सोशल मीडिया के माध्यम से गैंग के लिए धमकियां देने और रंगदारी मांगने का काम संभालता था।

आरोप के मुताबिक, मई 2024 में रायपुर पुलिस ने शूटआउट की योजना बनाते हुए हरियाणा और झारखंड से आए कुछ शूटरों को पकड़ा था। इसी दौरान मयंक सिंह ने कथित तौर पर पीआरए ग्रुप को सोशल मीडिया पर धमकाते हुए कहा था कि गैंग में शूटरों की कमी नहीं है और मांगें पूरी नहीं होने पर ÷गोली चलेगी और निशाना नहीं चूकेगा÷।

इन धमकियों के ठीक दो महीने बाद, जुलाई 2024 में, दो शूटरों ने बाइक पर आकर तेलीबांधा दफ्तर के बाहर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं। इस घटना के बाद रायपुर पुलिस ने तेजी दिखाते हुए एक महीने के भीतर अमन साव और उससे जुड़े 12 से ज्यादा आरोपियों और शूटरों को गिरफ्तार कर लिया था।

इस मामले के मुख्य आरोपी अमन साव को अक्टूबर 2024 में प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर लाया गया था। हालांकि, मार्च 2025 में रायपुर से वापस झारखंड ले जाते समय, उसने कथित तौर पर पुलिस पर गोली चलाकर भागने की कोशिश की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया था। मयंक सिंह की गिरफ्तारी और उसे रायपुर लाए जाने के बाद, माना जा रहा है कि पुलिस पीआरए ग्रुप मामले और गैंग से जुड़े अन्य मामलों में महत्वपूर्ण जानकारियां जुटा सकेगी। 26 मई 2024 को भी भाठागांव में पीआरए ग्रुप पर हमला करने आए दो शूटरों को रायपुर पुलिस ने पकड़ा था, जिसके बाद झारखंड से भी चार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी। अब मयंक सिंह से पूछताछ के बाद इस सिंडिकेट के और भी राज खुलने की उम्मीद है।

## क्रिकेट मैच की टिकट छात्रों को नि:शुल्क देने की मांग का ज्ञापन

### एनएसयूआई ने डिप्टी डायरेक्टर को सौंपा



**रायपुर 26 नवंबर।** छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर रविकांत अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की कि 3 दिसंबर को नया रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होने वाले भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए प्रदेश के छात्रों को निःशुल्क टिकट उपलब्ध कराए जाएँ। एनएसयूआई ने अपने ज्ञापन में कहा कि स्टेडियम की क्षमता 65,000 दर्शकों की है, फिर भी ष्टस्ष्टस् द्वारा केवल 1,500 छात्रों को टिकट ?800 की दर से जारी किए गए हैं, जो अधिकांश छात्रों के लिए आर्थिक रूप से वहन करना संभव नहीं है। राज्य में 50 लाख से अधिक छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं और उनमें से बड़ी संख्या मैच को प्रत्यक्ष देखकर खेलों से प्रेरित होना चाहती है।

## जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत: पुरोहित



**रायपुर 26 नवंबर।** आरण्यक, ग्राम्य और नगरीय जीवन शैलियों को एक सूत्र में पिरोने वाली भारतीय संस्कृति का सांस्कृतिक प्रतिनिधित्वकर्ता भारत का जनजातीय समाज ही है, जिसका अपना एक गौरवशाली इतिहास और सामाजिक संगठन है, जिसकी समृद्ध परंपराएँ और गहरी आध्यात्मिक चेतना हमें उनसे बहुत कुछ सीखने के लिए प्रेरित करती है। भारत के इतिहास में जनजातीय समाज के उल्लेखनीय योगदान को अंग्रेजों ने षड्यंत्रपूर्वक विलुप्त किया और जनजातीय समाज को पिछड़ा, गरीब और हाशिए पर पड़ा समाज बताया। स्थानीय शासकीय राजीवलोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजाति गौरव दिवस के निमित्त मंगलवार को 'जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत' विषय पर आहूत व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता की आसंदी से वरिष्ठ पत्रकार अनिल पुरोहित ने उक्त विचार व्यक्त किए।

पत्रकार पुरोहित ने अपने संबोधन में जनजातीय समाज के प्रति भारत में व्याप्त मिथ्या धारणाओं को समाप्त करने की जरूरत पर बल देते हुए कि भारतीय संस्कृति और सीमाओं के अतिक्रमण के इरादे से आए मुगल आक्रांताओं और बाद में ब्रिटिश सत्ता के खिलाफसतत संघर्ष जनजातीय समाज का गौरवशाली अध्याय है, जिसे अंग्रेजों ने तथ्य व सत्य से परे जाकर केवल इसलिए विलुप्त करने का कुचक्र रचा, क्योंकि अंग्रेजी सत्ता को सबसे अधिक चुनौती तब भारत के वन्य क्षेत्रों से ही मिली थी, जिससे ब्रितानी हुक्मरानों का अहं चोटिल हुआ था। इस्लामिक आक्रांताओं से लेकर ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ जनजाति समाज के सतत संघर्ष और पुंजा भील, रानी दुर्गावती, तिलका माँझी, बुद्धु भगत, बुद्धु भगत के बेटों हलधर-गिरधर व बेटियों रुनियाँ-झुनियाँ, सिद्धो-कान्हू के साथ उनकी बहनों फूलो-झानों, शंकर शाह, रघुनाथ शाह, भीमा नायक से लेकर भगवान बिरसा मुण्डा, वीर नारायण सिंह, गुण्डाधुर, सुरेन्द्र साय, लालसिंह माँझी आदि जनजातीय समाज के हुतात्मा बलिदानियों की चर्चा करते हुए पुरोहित ने जनजातीय समाज के सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक विषयों के साथ ही उनकी समृद्ध ज्ञान-परंपरा पर भी प्रकाश डाला। पुरोहित ने कहा कि जनजाति समाज पुरातन काल से प्रकृति पूजक रहा है। स्त्री-पुरुष में समानता का भाव जनजाति समाज की समृद्ध संस्कृति का हिस्सा है। आज नई पीढ़ी को उस परम्परा और ज्ञान से अवगत कराने की आवश्यकता है। जनजातीय समाज के प्रति व्याप्त विकृत धारणाओं को खत्म करना और जनजातीय समाज के समूचे गौरवशाली इतिहास का अध्ययन व अध्यापन आज समय की मांग है।

इस दौरान डॉ. समीक्षा चंद्राकर, प्रो. चित्रा खोटे, डॉ. राजेश बघेल, डॉ. भानुप्रताप नायक, योगेश तारक, श्वेता खरे, मनीषा भोई, मुकेश कुर्रे, डॉ. देवेंद्र देवांगन, तामेश्वर मार्कण्डेय, ख़ोमन साहू, डॉ. ग्रीष्मा सिंह, नेहा सोनी, डॉ. सर्वेश कौशिक पटेल, वाणी चंद्राकर, मनीष साहू, डाहरू सोनकर, डॉ. अश्विनी साहू, तोपचंद बंजारे, प्रदीप टंडन सोनम चंद्राकर, सुमन साहू, शुभम शर्मा, वासुदेव धीवर , मनीष साहू, गरिमा साहू, टेमन साहू, खूबलाल साहू आदि जनभागीदारी शिक्षक एवं कर्मचारी गण के साथ-साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26